वह दस वर्ष से अधिक किन्तु बीस वर्ष से कम पुराना है तो 12.5 प्रतिशत, अधिक समझा जायेगा और यदि वह बीस वर्ष से अधिक पुराना है तो उसका वार्षिक मूल्य उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन अवधारित वार्षिक मूल्य के बराबर समझा जायेगा।

[175. जल-कर लगाने पर प्रतिबन्ध —धारा 173 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन कर इस निर्बन्धन के अधीन रहते हुए लगाया जायेगा कि निम्नलिखित पर ऐसा कर न लगाया जाय,—

(1) किसी ऐसी भूमि पर जिसका उपयोग एकमात्र कृषि प्रयोजनों के लिये किया जाता हो, जब तक कि [निगम] द्वारा ऐसे प्रयोजनों के लिए जल सम्भरित न किया जाय; या

(2) किसी ऐसे भू-खण्ड या भवन पर जिसका वार्षिक मूल्य तीन सौ आठ रुपये से अधिक न हो और जिसे [निगम] द्वारा जल सम्भरित न किया जाता हो; या

(3) किसी ऐसे भू-खण्ड या भवन पर जिसका कोई भाग निकटतम **बम्बा** या अन्य-जल-कल से जहाँ पर जनता को [निगम] द्वारा जल उपलब्ध कराया जाता हो, उस नगर के लिए विहित अर्ध व्यास के भीतर न हो।

स्पष्टीकरण—इस धारा के प्रयोजनों के लिये,—

(क) 'भवन' में उसका अहाता (यदि कोई हो), और जहां तक ही सामान्य अहाते में अनेक भवन हों, वहां ऐसे समस्त भवन और सामान्य अहाता भी सम्मिलित है;

(ख) 'भू-खण्ड' का तात्पर्य किसी ऐसे भूमि के खण्ड से है जो किसी एकल अध्यासी द्वारा या अनेक अध्यासियों द्वारा सामान्य रूप से धृत हो जिसका कोई भी भाग किसी दूसरे भाग से किसी अन्य अध्यासी या अध्यासियों की भूमि या सार्वजनिक सम्पत्ति के द्वारा पूर्णतया पृथक-कृत न हो।]**[1]**

176. जल-कलों और जल-निस्तारण के निर्माण-कार्यों से होने वाली आय को एकत्र करना—जल-कर, जल-निस्सारण कर और स्वच्छता कर से होने वाली आय तथा ऐसी अन्य समस्त आय को, जो जल-कलों, जल निस्सारण कार्यों, नालियों तथ संडासों, मूत्रालयों और नलकूपों से इकट्ठा किये गये मल इत्यादि और दूषित पदार्थों और ऐसे पदार्थों के निस्तारण से तथा "सलेज फार्मों" से होती हो, एकत्र किया जायेगा और उसे उक्त जल-कलों और जल-निस्सारण निर्माण कार्यों के निर्माण, संधारण, विस्तार और सुधार के संबंध में और संडासों, मूत्रालयों तथा नलकूपों से मल इत्यादि और दूषित पदार्थ इकट्ठा करने, हटने और उनका निस्तारण करने के संबंध में, जिसके अन्तर्गत सलेज फार्मों का संधारण भी है, होने वाले व्ययों को पूरा करने के लिए खर्च किया जायेगा।

177. किन भू-गृहादि पर सामान्य कर आरोपित किया जायेगा—सामान्य कर नगर में स्थित सभी भवनों और भूमियों पर लगाया जायेगा, सिवाय—

(क) उन भवनों और भूमियों के, जो एकमात्र मृतकों के निस्तारण के संबद्ध प्रयोजनों के लिये प्रयुक्त होती हों;

(ख) उन भवनों और भूमियों या उनके ऐसे भाग के, जो केवल सार्वजनिक उपासना या दानोत्तर के प्रयोजन के लिये अध्यासन में हों;

[2]["(ग) भवन जो एक मात्र जेलों, न्यायालय गृहों, कोषगार स्कूल और कालेजों के रूप में प्रयुक्त होते हों, किन्तु ऐसे वृत्तिक, व्यावसायिक, प्राविधिक और चिकित्सकीय संस्थानों को छोड़कर जिन्हें ऐसे सरकार द्वारा न तो बढ़ाया जाता है और न प्रबन्ध किया जाता है।"

(घ) एन्शियन्ट मानूमेन्टस प्रिजर्वेशन ऐक्ट, 1904 में पारिभाषित प्राचीन स्मारकों के किन्तु ऐसे किसी स्मारक के संबंध में राज्य सरकार के दिये हुये किसी आदेश के अधीन रहते हुये;

[3][(ङ) किसी ऐसे भवन या भूमि के जिसका वार्षिक मूल्य तीन सौ साठ रुपये या इससे कम हो, प्रतिबन्ध यह है कि उसके स्वामी का उसी नगर में कोई अन्य भवन या भूमि न हो, (और [निगम] की मुख्य या शाखा सीवर लाइन से तीस मीटर के भीतर स्थित किसी भवन की स्थिति में, अग्रेतर प्रतिबन्ध यह है कि उसमें फ्लश की व्यवस्था सहित शौचालय हो) **[4]**, [और]**[5]**

(च) भारत के संविधान के अनुच्छेद 285 के खंड (2) के उपबन्ध जहां लागू होते हों उन्हें छोड़कर भवन तथा भूमि जो भारत के संघ में निहित हों।

[6]["(छ) स्वामी द्वारा अध्यासित ऐसा कोई आवासिक भवन जो तीस वर्ग मीटर के भूखण्ड पर निर्मित

1. उ० प्र० अधिनियम सं० 10 सन् 1978 की धारा 6 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ० प्र० अधिनियम सं० 17 सन् 1999 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ० प्र० अधिनियम सं० 10, 1978 की धारा 7 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ० प्र० अधिनियम सं० 35, 1978 की धारा 12 द्वारा अन्तर्विष्ट और अधिसूचना सं० 4241 बी/11-6-77-301/77 अधि/80 दिनांक 28 फरवरी, 1979 के अन्तर्गत 1 मार्च, 1979 से अन्तर्विष्ट समझा जायेगा।

31/1

किया गया हो या जिसका कारपेट एरिया 15 वर्ग मीटर तक हो; प्रतिबन्ध यह है कि उसके स्वामित्व में नगर में कोई अन्य भवन न हो;

[(ज) स्वामी द्वारा अध्यासित आवासिक भवन जो किसी ऐसे क्षेत्र में हो जिसे पिछले दस वर्ष के भीतर नगर में सम्मिलित किया गया हो।"

178. अनुध्यासन (nonoccupation) के कारण छूट—(1) जब किसी वर्ष कोई भवन या भूमि निरन्तर नब्बे या इससे अधिक दिनों तक खाली रही हो और उससे किराया न मिलता रहा हो तो मुख्य नगराधिकारी उस वर्ष के प्रत्येक संपत्ति कर में उतनी छूट दे देगा या उसे वापस कर देगा, जो उतने दिनों के अनुपात में हो, जितने दिनों तक उक्त भवन या भूमि खाली रही हो और उससे किराया न मिला हो।

(2) यदि किसी भवन में अलग-अलग लघु गृह (tenements) हों और उनमें से एक या एकाधिक ऊपर उल्लिखित किसी अवधि तक खाली रहा हो, और उससे किराया न मिला हो, तो मुख्य नगराधिकारी प्रत्येक कर या किस्त के ऐसे भाग (यदि कोई हो) को छूट दे सकता है या उसे वापस कर सकता है, जो विहित किया जाय;

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि उस समय तक कोई छूट न दी जायेगी जब तक [निगम] को इस बात का लिखित नोटिस न दे दिया गया हो कि भवन या भूमि खाली है और उससे कोई किराया नहीं मिल रहा है, और ऐसा नोटिस देने के दिन से पूर्व की किसी अवधि के लिए कोई छूट या वापसी प्रभावी न होगी।

(3) उन तथ्यों को, जिनके कारण कोई व्यक्ति इस धारा के अधीन उपशम (relief) प्राप्त करने का अधिकारी हो, प्रमाणित करने का भार स्वयं उसी पर होगा।

(4) इस धारा के प्रयोजनों के लिए कोई भवन या भूमि खाली न समझी जायेगी यदि वह आमोद-प्रमोद के स्थान (pleasure resort) या नगर गृह या ग्राम्यगृह (town or country house) के रूप में संधारित की जाती हो अथवा यह न समझा जायेगा कि उससे किराया नहीं मिल रहा है यदि उसे किसी ऐसे किरायेदार या काश्तकार (tenant) के पास छोड़ दिया गया हो, जिसे उसके निरन्तर अध्यासन का अधिकार हो, चाहे वह उसके वास्तविक अध्यासन में हो या न हो।

179. वार्षिक मूल्य पर लगाये जाने वाले कतिपय सम्पत्ति करों के लिए प्राथमिक उत्तरदायित्व—(1) अन्यथा विहित की गई व्यवस्था को छोड़कर, भवनों या भूमियों के वार्षिक मूल्य पर प्रत्येक कर (जो-निस्सारण कर या स्वच्छता-कर से भिन्न हो) प्राथमिक रूप से उस सम्पत्ति के, जिस पर उक्त कर निर्धारित किये गये हों, वास्तविक अध्यासी पर लगाया जायेगा, यदि वह उक्त भवनों या भूमियों का स्वामी हो या उसने उन्हें केन्द्रीय या राज्य सरकार या महापालिका से भवन सम्बन्धी पट्टे या अन्य पट्टे पर या किसी व्यक्ति से भवन संबंधी पट्टे पर लिया हो;

(2) किसी अन्य दशा में कर प्रथमतः (primarily) निम्नलिखित रूप से लगाया जायेगा, अर्थात्—

(क) यदि सम्पत्ति किराये पर उठाई गई हो तो पट्टा दाता से;

(ख) यदि सम्पत्ति शिकमी पट्टे पर दी गई हो तो वरिष्ठ (superior) पट्टादाता से;

(ग) यदि सम्पत्ति किराये पर नहीं उठाई गई हो तो उस व्यक्ति से, जिसमें उसे किराये पर उठाने का अधिकार निहित हो।

[1]["(घ) यदि सम्पत्ति, उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम, 1972 के अधीन किसी आदेश के अनुसरण में किराये पर उठाई गई हो, तो किरायेदार से।"

(3) प्रथमतः देनदार व्यक्ति से कोई ऐसी धनराशि, जो उससे उक्त कर के रूप में प्राप्य (due) हो, वसूल न होने पर मुख्य नगराधिकारी उन भवनों या भूमियों के, जिनके संबंध में वह देय हो, किसी भाग के अध्यासी (occupier) में उस कर का ऐसा भाग वसूल कर सकता है, जो देय कर की सम्पूर्ण धनराशि के उस अनुपात में हो जो उक्त अध्यासी द्वारा देय वार्षिक किराये की धनराशि में तथा उक्त पूरे भवन या भूमि के सम्बन्ध में देय कुल किराये की धनराशि या प्रमाणीकृत कर निर्धारण सूची (authenticated assessment list) में उसके किराये के मूल्य की कुल धनराशि में हो।

(4) यदि कोई अध्यासी कोई ऐसा भुगतान करे, जिसके लिए पूर्वोक्त उपबन्धों के अधीन वह प्रथमतः देनदार नहीं है तो किसी विपरीत संविदा के न होने पर वह प्रथमतः देनदार व्यक्ति से उक्त धनराशि की भरपाई (reimbursement) पाने का अधिकारी होगा।

180. ऐसे अन्य करों के भुगतान का दायित्व—(1) भवनों या भूमियों के वार्षिक मूल्य पर जल-निस्सारण कर या स्वच्छता-कर उस सम्पत्ति के, जिस पर वे कर निर्धारित किये गये हों, वास्तविक अध्यायी से वसूल किये जायेंगे;

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि यदि ऐसी सम्पत्ति एक से अधिक अध्यासियों को किराये पर उठाई गई हो तो मुख्य

से कर वसूल करे।

(2) कोई पट्टादाता, जिससे उपधारा (1) के प्रतिबन्धात्मक खंड के अधीन कर वसूल किया गया हो, किसी विपरीत संविदा के न होने पर उक्त कर की धनराशि किन्हीं या सभी वास्तविक अध्यासियों से वसूल कर सकता है।

181. सम्पत्ति-कर उन भू-गृहादि पर, जिन पर वे निर्धारित किये गये हों, प्रथम भार (charge) होगा—(1) राज्य सरकार को किसी भूमि या भवन के सम्बन्ध में देय मालगुजारी, यदि कोई हो, का पहले भुगतान कर दिये जाने के प्रतिबन्धों के अधीन रहते हुए इस अधिनियम के अधीन उस भवन या भूमि के संबंध में देय संपत्ति-कर, राज्य सरकार से सीधे लिये गये (held immediately) किसी भवन या भूमि की दशा में, उक्त भवन या भूमि में उन करों के देनदार व्यक्ति के स्वत्व पर तथा उक्त भवन के भीतर या भूमि में स्थित चलसम्पत्ति पर, यदि कोई हो, जिसका वह स्वामी हो और किसी अन्य भवन या भूमि की दशा में उक्त भवन या भूमि पर, जो उस व्यक्ति की हो, जो ऐसे करों का देनदार है, सर्वप्रथम भार होगा।

स्पष्टीकरण—इस धारा में शब्द "संपत्ति-कर" के संबंधों में यह समझा जायेगा कि उसके अन्तर्गत ऐसे व्यय को, जो किसी भू-गृहादि को सम्भरण किये गये जल के कारण देय हों और नियमावली में निर्दिष्ट सम्पत्ति-कर की वसूली पर होने वाले व्यय आ जाते हैं।

(2) उपधारा (1) के अधीन उत्पन्न किसी भार (charge) को कार्यान्वित करने के लिये प्रस्तुत वाद की किसी डिग्री में न्यायालय यह आज्ञा दे सकता है कि देय धनराशि पर वाद प्रस्तुत किये जाने के दिनांक से उसकी वसूली के दिनांक तक उस ब्याज की दर से, जो न्यायालय को न्यायसंगत प्रतीत हो, [निगम] को ब्याज दिया जाय और ऐसे ब्याज तथा ऐसे भार को कार्यान्वित करने के संबंध में होने वाला व्यय, जिसमें वाद-व्यय और उक्त डिग्री के अधीन सम्बद्ध भू-गृहादि या चल सम्पत्ति की बिक्री पर होने वाला व्यय भी सम्मिलित है, उपर्युक्त बातों के अधीन रहते हुए देय धनराशि सहित ऐसे भू-गृहादि और चल सम्पत्ति पर प्रथम भार होगा और न्यायालय यह आदेश दे सकता है कि बिक्री की आय में से उक्त धनराशियों का भुगतान [निगम] को कर दिया जाय।

वाहनों और नावों तथा पशुओं पर कर

182. वाहनों और नावों तथा पशुओं पर कर—(1) धारा 172 की उपधारा (1) के खंड (ख) या खंड (ग) के अधीन कोई कर उन दरों से ऊँची दरों पर न लगाया जायेगा जो राज्य सरकार समय-समय पर एतदर्थ यथास्थिति, वाहनों और नावों अथवा पशुओं के संबंध में नियमों द्वारा निर्दिष्ट करे।

(2) [निगम] वर्ष-प्रतिवर्ष धारा 148 के अनुसार वह दरें निर्धारित करेगी, जिनके अनुसार उपधारा (1) में निर्दिष्ट कर लगाया जायेगा।

(3) किसी ऐसे वाहन (vehicle), नाव या पशु के संबंध में, जो नगर की सीमाओं के बाहर रखा गया हो, किन्तु जो नियमित रूप से उन सीमाओं के भीतर प्रयुक्त होता हो, यह समझा जायेगा कि वह नगर में प्रयोग के लिए रखा गया है।

183. धारा 172 में उल्लिखित कतिपय करों से मुक्ति—(1) धारा 172 की उपधारा (1) के खंड (ख) के अधीन कर निम्नलिखित के संबंध में न लगाया जा सकेगा—

(क) वाहन और नावें, जो [निगम] की हों;

(ख) भारत का संविधान के अनुच्छेद 285 के खंड (2) के उपबन्ध जहाँ लागू होते हों, उसे छोड़कर वाहन और नावें, जो भारत के संघ में निहित हों।

(ग) भारत के संघ में सम्मिलित किसी राज्य में निहित वाहन और नावें, जो केवल सार्वजनिक प्रयोजनार्थ प्रयुक्त होती हों तथा लाभ के प्रयोजनार्थ न तो वे प्रयुक्त होती हों और न एतदर्थ उनका प्रयोग अभिप्रेत हो;

(घ) वाहन और नावें, जो केवल घायलों, बीमारों या मृतकों को निःशुल्क लाने ले जाने के लिए अभिप्रेत हों;

(ङ) बच्चों के पेराम्बुलेटर और तीन पहिये की साइकिलें;

(च) वाहन या नावें, जिन्हें वाहनों या नावों के वास्तविक व्यापारी (bonafide dealers) केवल विक्रय के प्रयोजनार्थ अपने पास रखते हों और जो प्रयुक्त न होती हों।

(2) धारा 172 की उपधारा (1) के खंड (ग) के अधीन कर निम्नलिखित के संबंध में न लगाया जा सकेगा—

(क) [illegible] जो [निगम] के हों,

(ग) भारत के संघ में सम्मिलित किसी राज्य में निहित पशु जो केवल सार्वजनिक प्रयोजनार्थ प्रयुक्त होते हों तथा लाभ के प्रयोजनार्थ न तो वे प्रयुक्त होते हों और न एतदर्थ उनका प्रयोग अभिप्रेत हो।

(3) यदि उपधारा (1) के खंड (ख) या खंड (ग) या उपधारा (2) के खंड (ख) या खंड (ग) के अधीन इस आशय का कोई प्रश्न उठ खड़ा हो कि भारत के संघ या उसमें सम्मिलित किसी राज्य में निहित कोई वाहन, नाव या पशु लाभ के प्रयोजनार्थ प्रयुक्त होता है या नहीं, अथवा एतदर्थ उसका प्रयोग अभिप्रेत है या नहीं तो उसका निर्णय राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा और इस सम्बन्ध में राज्य सरकार का निर्णय अन्तिम होगा।

अन्य कर

184. परिवृद्धि-कर (Betterment tax)—परिवृद्धि-कर से तात्पर्य वह कर है, जो किसी ऐसी भूमि के मूल्य की वृद्धि पर लिया जाय जो अध्याय 14 के अधीन प्रवृत्त किसी योजना में सम्मिलित हो, किन्तु उसके निष्पादन के लिये वास्तव में अपेक्षित न हो अथवा ऐसी किसी भूमि के मूल्य की वृद्धि पर, जो उक्त योजना की सीमा के पार्श्व में (adjacent) हो और उससे एक चौथाई मील के भीतर हो, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि उक्त पार्श्ववर्ती भूमि नगर के भीतर स्थित हो।

185. परिवृद्धि-कर की धनराशि—परिवृद्धि-कर की धनराशि धारा 187 की उपधारा (2) के अधीन सार्वजनिक नोटिस में निर्दिष्ट दिनाँक को उक्त भूमि के बाजार मूल्य और अध्याय 14 के अधीन योजना के अन्तिम रूप से विज्ञप्ति किये जाने के दिनांक को या उसके ठीक पूर्व के दिनाँक पर उक्त भूमि के बाजार मूल्य के अन्तर की धनराशि के आधे के बराबर होगी :

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि इस धारा के अधीन हिसाब लगाने के प्रयोजनों के लिए भूमि सब भवनों से रहित समझी जायगी।

186. परिवृद्धि-कर का भुगतान—जहां [निगम] ने धारा 172 की उपधारा (2) के खंड (च) में उल्लिखित कर आरोपित किया है, धारा 184 में उल्लिखित भूमि का प्रत्येक स्वामी या कोई ऐसा व्यक्ति, जिसका उक्त भूमि के मूल्य की वृद्धि के संबंध में कोई स्वत्व हो, आगे व्यवस्थित रीति से [निगम] को उतना परिवृद्धि कर अदा करेगा, जितना मुख्य नगराधिकारी निर्धारित करे।

187. परिवृद्धि-कर लगाये जाने की नोटिस—(1) राज्य सरकार सरकारी गजट में विज्ञप्ति द्वारा वह दिनाँक घोषित करेगी, जिस पर योजना पूर्ण हुई समझी जायेगी।

(2) उपधारा (1) में घोषित योजना पूर्ण होने के एक वर्ष के भीतर मुख्य नगराधिकारी [निगम] के इस अभिप्राय का एक सार्वजनिक नोटिस देगा कि वह एक निर्दिष्ट दिनांक से परिवृद्धि-कर लगाना चाहता है।

188. परिवृद्धि कर का निर्धारण—(1) मुख्य नगराधिकारी उक्त नोटिस के प्रकाशन के एक मास के पश्चात् किसी भी समय सम्बद्ध व्यक्ति द्वारा देय परिवृद्धि-कर की धनराशि निर्धारित करेगा और उस व्यक्ति को लिखित नोटिस देगा, जिसमें कर की धनराशि और किस्तों, यदि कोई हों, तथा दिनाँक जब कर का भुगतान किया जायेगा और ऐसे अन्य विवरणों का, जो आवश्यक हों, उल्लेख किया जायेगा।

(2) कोई व्यक्ति, जिस पर उपधारा (1) के अधीन निर्धारण का नोटिस तामील किया गया हो, ऐसा नोटिस किये जाने के दिनांक से एक मास के भीतर उक्त निर्धारण के विरुद्ध मुख्य नगराधिकारी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है :

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि उपधारा (1) में उल्लिखित अवधि की समाप्ति के पश्चात् भी कोई आपत्ति स्वीकार की जा सकती है यदि उपधारा (3) में अभिदिष्ट कार्यकारिणी समिति या उपसमिति का यह

मुख्य नगर अधिकारी/मा0 नगर प्रमुख महोदय

नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत भवनकर में एकरूपता लाने हेतु नगर निगम में सम्पत्ति कर निर्धारण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी व वस्तुनिष्ठ बनाते हुए नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–174(ख) के अन्तर्गत आवासीय भवनों एवं भू–खण्डों पर सम्पत्तिकर लगाने हेतु स्वकर निर्धारण की प्रक्रिया नगर निगम सम्पत्तिकर नियमावली, 2000 को नगर विकास विभाग की अधिसूचना सं0 1435/9–3–2000–63ज/954–टीसी, दिनांक 22 अप्रैल, 2000 के क्रम में नगर निगम बोर्ड बैठक दिनांक 11.11.08, दिनांक 12.11.08 एवं दिनांक 15.11.08 में पारित प्रस्ताव सं0 5 द्वारा लागू कर दिया है।

नगर निगम अधिनियम 1959 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुख्य नगर अधिकारी महोदय द्वारा वार्डवार दरों के निर्धारण हेतु उप नगर अधिकारी, नगर अभियन्ता एवं दो कर अधीक्षकों की समिति गठित की गई। समिति द्वारा नियमावली में दिये गये मानकों के अनुसार क्षेत्र विशेष के जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल रेट को दृष्टिगत रखते हुए नगर के 60 वार्डों में वार्डवार प्रतिवर्ग फुट कारपेट एरिया किराये की न्यूनतम मासिक दर तथा भूमि के प्रत्येक समूह के लिए क्षेत्रफल के प्रतिवर्ग फुट पर किराये की प्रयोज्य न्यूनतम मासिक दरे निम्नवत् प्रस्तावित की गई है। नियमों के अन्तर्गत यह सम्पूर्ण व्यवस्था ऐसे भवन जो 30 वर्ग मीटर के भू–खण्ड पर निर्मित किये गये हों या जिसका कारपेट एरिया 15 वर्ग मीटर तक हो, पर लागू नहीं होगी परन्तु ऐसे भवन स्वामी के स्वामित्व में देहरादून नगर में कोई अन्य भवन न हो। स्वकर निर्धारण हेतु आवासीय भवनों को निम्न श्रेणियों में विभाजित किया जाता है।

समस्त 60 वार्डो के लिए सामान्य कर (गृहकर) कारपेट एरिया दर (प्रतिवर्ग फुट प्रतिमाह)

वार्ड सं0	वार्ड का नाम	पक्का भवन आ0सी0सी0 आर0बी0 छत			अन्य पक्का भवन			कच्चे भवन			आवासीय भूखण्ड जिसमें भवन न बना हो		
		24 मी0 से अधिक चौडी सड़क	12–24 मी0 चौड़ी सड़क	12 मी0 से कम चौड़ी सड़क	24 मी0 से अधिक चौडी सड़क	12–24 मी0 चौड़ी सड़क	12 मी0 से कम चौड़ी सड़क	24 मी0 से अधिक चौडी सड़क	12–24 मी0 चौड़ी सड़क	12 मी0 से कम चौड़ी सड़क	24 मी0 से अधिक चौडी सड़क	12–24 मी0 चौड़ी सड़क	12 मी0 से कम चौड़ी सड़क
1	राजपुर	4.00	3.50	3.00	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.40	0.30	0.20
2	सहस्त्रधारा रोड	4.00	3.50	3.00	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.40	0.30	0.20
3	जाखन	4.00	3.50	3.00	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.40	0.30	0.20
4	हाथीबड़कला	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.00	1.50	1.00	0.30	0.25	0.20
5	आर्यनगर	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.00	1.50	1.00	0.30	0.25	0.20
6	डोभालवाला	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.00	1.50	1.00	0.30	0.25	0.20
7	विजयपुर जोगी	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.00	1.50	1.00	0.30	0.25	0.20
8	किशननगर	4.00	3.50	3.00	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.40	0.30	0.20
9	डोईवाला रोड	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
10	[illegible]	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
11	[illegible]	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10

12	बकरालवाला	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
13	बुक्खूवाला	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
14	इन्द्राकालोनी	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
15	घन्टाघर	4.00	3.50	3.00	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.40	0.30	0.20
16	रेसकोर्स उत्तर	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
17	एम0के0पी0	4.00	3.50	3.00	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.40	0.30	0.20
18	कालिका माता मन्दिर मार्ग	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
19	तिलक रोड	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
20	खुड़बुड़ा	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
21	शिवाजी मार्ग	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
22	इन्द्रेशनगर	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.20	0.15	0.10
23	धामावाला	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.00	0.30	0.25	0.20
24	झण्डा मौ0	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.00	0.30	0.25	0.20
25	डालनवाला उ0	4.00	3.50	3.00	3.00	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.40	0.30	0.20
26	डालनवाला पू0	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
27	डालनवाला द0	4.00	3.50	3.00	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.30	0.25	0.20
28	अधोईवाला उ0	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
29	अधोईवाला द0	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
30	भगतसिंह का0	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
31	राजीवनगर	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
32	डिफेन्स कालोनी	4.00	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.40	0.30	0.20
33	नेहरू कालोनी	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
34	धर्मपुर	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
35	दीपनगर	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
36	अजबपुर	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
37	मातामन्दिर मार्ग	3.00	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
38	रेसकोर्स द0	4.00	3.50	3.00	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.40	0.30	0.20
39	रैस्ट कैम्प	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
40	शीतामण्डी	2.50	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
41	लक्खीबाग	2.50	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
42	कारगी	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
43	पटेलनगर पू0	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
44	ब्रह्मपुरी	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
45	निरंजनपुर	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
46	गजरा	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
47	टर्नरोड	4.00	3.50	3.00	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.40	0.30	0.20
48	इन्दिरापुरम्	3.50	3.00	2.50	3.00	2.00	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
49	द्रोणपुरी	3.50	3.00	2.50	3.00	2.00	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20

23

50	कांवली	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
51	इन्दिरानगर	4.00	3.50	3.00	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.40	0.30	0.20
52	बसन्तविहार	4.00	3.50	3.00	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.40	0.30	0.20
53	मोहितनगर	4.00	3.50	3.00	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.40	0.30	0.20
54	पटेलनगर प0	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
55	गांधीग्राम	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
56	यमुनाकालोनी	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20
57	गोबिन्दगढ़	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	0.25	0.20	0.15
58	श्रीदेव सुमननगर	2.50	2.00	1.50	2.00	1.50	1.00	1.50	1.00	0.75	0.20	0.15	0.10
59	बल्लुपुर	4.00	3.50	3.00	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	0.40	0.30	0.20
60	कौलागढ़	3.50	3.00	2.50	3.00	2.50	2.00	2.50	2.00	1.50	0.30	0.25	0.20

नोटः–

1. रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम 1972 के अधीन आने वाले भवनों पर ~~उत्तरखण्ड~~ नगर निगम अधिनियम 1959 के प्रावधानुसार करोंकी देयता अब किरायेदार की होगी।
2. स्वअध्यासित भवन यदि 10 वर्ष तक पुराना है तो आंगणित वार्षिक मूल्यांकन से 25 प्रतिशत कम, 10 वर्ष से अधिक तथा 20 वर्ष से कम पुराने भवन पर 32.05 प्रतिशत तथा 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों पर 40 प्रतिशत कम वार्षिक निर्धारण माना जायेगा।
3. किराये पर उठाये गये आवासीय भवनों में यदि भवन 10 वर्ष तक पुराना है तो 25 प्रतिश, 10 वर्ष से अधिक परन्तु 20 वर्ष से कम पुराना है तो उसका वार्षिक किराया मूल्यांकन भवन के निर्धारित वार्षिक किराया मूल्यांकन के बराबर माना जायेगा।
4. स्वकर निर्धारण के निमित्त प्रपत्र "क" और "ख" में प्रत्येक करदाता को सूचना भरकर उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 207 के अन्तर्गत उपरोक्त दरों को समाचार पत्र में प्रकाशित करते हुए जनसामान्य से आपत्तियां प्राप्त की जानी है। कृपया उक्त दरों का अनुमोदन करते हुए समाचार पत्रों में प्रकाशन कराने की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

(राजेश नैथानी)
कर अधीक्षक,

(अजहर अली)
कर अधीक्षक,

18/2/10
(दिनेश शर्मा)
नगर अभियन्ता

(हर्षवर्धन सिंह)
उप नगर अधिकारी

18/2/10

अनुमोदित
18.2.10.

(i) पक्का भवन, आर० सी० सी० छत या आर० बी० छत सहित ❑
(ii) अन्य पक्का भवन ❑
(iii) कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो (एक) और (दो) में आच्छादित नहीं हैं। ❑

(ग) भूमि (यदि भूमि पर कोई भवन निर्मित नहीं है) अवस्थित है
(i) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ❑
(ii) 12 मीटर से 24 मीटर तक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ❑
(iii) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ❑

टिप्पणी— कृपया उपर्युक्त (एक), (दो) या (तीन) के खाने में जो भी सही हो उसमें सही का निशान लगायें।

[illegible] है या किराये पर है, कृपया उनमें से किसी एक का उल्लेख करें।

टिप्पणी— यदि वह एक वर्ष से कम की अवधि से खाली है तो उसे स्वामी द्वारा अध्यासित समझा जायेगा। यदि वह एक वर्ष से अधिक की अवधि से खाली है तो उसे "खाली" उल्लिखित किया जायेगा।

छ. भवन के निर्माण का वर्ष .....

सत्यापन

मैं, एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि स्वमूल्यांकन विवरण में प्रस्तुत किये गये ब्यौरे जहाँ तक मेरी जानकारी और विश्वास है ठीक और पूर्ण हैं।

दिनांक ----------
अनुप्रमाणक साक्षी
हस्ताक्षर ----------
नाम ----------
पिता/माता का नाम ----------
पूरा पता ----------

हस्ताक्षर ----------
स्थायी पता ----------

अभिस्वीकृति

जिस व्यक्ति से प्रपत्र "ख" प्राप्त किया उसका विवरण नीचे दिया गया है—

(एक) स्वामी/अध्यासी का नाम .....
(दो) स्वामी/अध्यासी के पिता का नाम .....
(तीन) भवन/मकान/भूखण्ड संख्या .....
(चार) भवन/भूखण्ड की अवस्थिति का पता .....
(पाँच) स्वामी/अध्यासी का अस्थायी पता .....
(छः) स्वामी/अध्यासी का स्थायी पता .....

दिनांक ----------

हस्ताक्षर ----------
नाम ----------
पदनाम ----------

आज्ञा से,
जे० एस० मिश्र,
सचिव।

व्यक्तिगत टिप्पणी

नगर में परिचालन वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात् हितबद्ध व्यक्तियों को आपत्तियाँ दाखिल करने के लिये न्यूनतम 15 दिन का समय देगा। प्राप्त आपत्तियों का बारह भिन्न भिन्न बण्डलों की अधिकतम संख्या में समूह बनाने के पश्चात् ऐसी सभी आपत्तियों पर बारंबार सुनवाई की जायेगी। प्रत्येक बण्डल में, यथास्थिति भवनों के एक समूह या भूमि के एक समूह के लिये प्राप्त आपत्तियाँ रहेंगी। सभी आपत्तियों का निस्तारण स्वयं मुख्य नगर अधिकारी द्वारा या मुख्य नगर अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा आपत्तिकर्ताओं की कुल संख्या के कम से कम दस प्रतिशत व्यक्तियों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् किया जायेगा। यह आवश्यक नहीं होगा कि सभी आपत्तिकर्ताओं को या निर्दिष्ट व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना जाये। आपत्तियों को बण्डलवार विनिश्चित किया जायेगा।

4-ख. खण्ड (क) के अधीन आपत्तियों के विनिश्चित किये जाने पर मुख्य नगर अधिकारी, ऐसे नगर में परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार-पत्रों में, यथास्थिति बोर्ड के भीतर भवनों के प्रत्येक समूह के लिये कारपेट एरिया के प्रतिवर्ग फुट किराये की न्यूनतम मासिक दर या भूमि के प्रत्येक समूह के लिये क्षेत्रफल के प्रतिवर्ग फुट पर किराये की प्रयोज्य न्यूनतम मासिक लागू दर को अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात यह अन्तिम हो जायेगी।

5. भवनों और भूमि की सूची—मुख्य नगर अधिकारी, नगर के भीतर अवस्थित भवनों या भूखण्डों या दोनों की एक सूची तैयार करेगा, जिसमें निम्नलिखित समाविष्ट होंगे—

(क) सम्पत्ति का समूह,

(ख) नाम या संख्या या किसी अन्य विनिर्दिष्टि द्वारा, जो पहचान के लिये पर्याप्त हो, सम्पत्ति का अभिधान;

(ग) स्वामी का नाम, यह उल्लेख करते हुए कि यह स्वामी द्वारा अध्यासित है या यह किराये पर है। यदि किराये पर है तो अध्यासी का नाम।

(घ) (एक) भवन या भूमि के समूह के लिये प्रतिवर्गफुट किराये की न्यूनतम मासिक दर;
(दो) भवन का कारपेट एरिया या भूमि का क्षेत्रफल या दोनों;
(तीन) भवन निर्माण का वर्ष।
(चार) भवन निर्माण की प्रकृति

(ङ) उस पर निर्धारित कर की धनराशि,
(एक) सामान्य कर
(दो) जलकर
(तीन) सीवर व्यवस्था सम्बन्धी कर
(चार) स्वच्छता कर
(पाँच) कुल धनराशि

6. कर की गणना—मुख्य नगर अधिकारी या मुख्य नगर अधिकारी द्वारा प्राधिकृत कोई व्यक्ति सामान्य कर, जल कर, जल निस्सारण कर, और स्वच्छता कर की गणना करेगा उसके बाद वह, यथास्थिति स्वामी या अध्यासी को एक बिल प्रस्तुत करेगा जिसमें एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा, जब तक अधिसूचित बैंक में कर का भुगतान करना होगा। यदि ऐसे दिनांक तक कर की सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो अधिनियम की धारा 221-क में यथा उल्लिखित ब्याज देय होगा।

7. कर का स्वनिर्धारण—किसी आवासिक भवन के सम्बन्ध में कर के भुगतान के लिये मुख्यतः दायी स्वामी या अध्यासी अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार सम्पत्ति कर की स्वतः अवधारित कर सकता है और उसके द्वारा इस प्रकार निर्धारित सम्पत्ति कर को स्वकर निर्धारण विवरण के साथ अधिसूचित बैंक में जमा कर सकता है।

8. शास्ति—(1) निगम, यथास्थिति भवन या भूमि के प्रस्तुत कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्रफलों के विवरण या स्वकर निर्धारण के विवरणों की कुल संख्या के कम से कम दस प्रतिशत विवरणों की यदा-कदा जाँच करेगी और भवन के कारपेट एरिया के किसी भाग या भूमि के क्षेत्रफल के किसी भाग को छिपाने की दशा में दो सप्ताह के भीतर, यथास्थिति, स्वामी या अध्यासी को इस आशय का कारण बताओ नोटिस जारी करेगा कि क्यों न नोटिस में विनिर्दिष्ट तथा या तथ्यों को छुपाने के लिये उस पर एक हजार रुपये से अनाधिक की शास्ति आरोपित की जाये।

(2) यथास्थिति स्वामी या अध्यासी द्वारा दिये जाने वाले किसी स्पष्टीकरण पर विचार करने के पश्चात और ऐसी जाँच, जैसी आवश्यक समझी जाये, करने के पश्चात निगम एक हजार रुपये से अनाधिक की शास्ति आरोपित कर सकता है और सम्पत्ति कर की धनराशि के साथ उसे वसूल किये जाने का आदेश दे सकता है।

प्रपत्र—"क"

(नियम 7 देखिये)

सम्पत्ति का स्वः-निर्धारण प्रपत्र

(अधिनियम की धारा 207-क)

क. (एक) स्वामी/अध्यासी का नाम.....
(दो) स्वामी/अध्यासी के पिता का नाम.....
(तीन) भवन/मकान/भूखण्ड संख्या.....
(चार) भवन/भूखण्ड की अवस्थिति का पता.....
(पाँच) स्वामी/अध्यासी का अस्थायी पता.....
(छः) स्वामी/अध्यासी का स्थायी पता.....

ख. निम्नलिखित का भवन सम्बन्धी ब्यौरा.....
(एक) समस्त कमरों और आच्छादित बरामदों का आन्तरिक आयाम (वर्ग फुट में).....
(दो) समस्त बालकनी, कारीडर, रसोई और भण्डार गृह का आन्तरिक आयाम (वर्ग फुट में).....
(तीन) समस्त गैराज का आन्तरिक आयाम (वर्ग फुट में).....

टिप्पणी—स्नानगृह, शौचालय, पोर्टिको और जीने द्वारा आच्छादित क्षेत्र कारपेट एरिया का भाग नहीं होगा।

ग. भवन का कारपेट एरिया—
= ख (एक) + 1/2 ख (दो) + 1/4 ख (तीन)

घ. (एक) भूमि का क्षेत्रफल जिस पर भवन निर्मित है (वर्ग फुट में).....
(दो) भूमि का क्षेत्रफल, यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो (वर्ग फुट में).....

ङ. (क) भवन अवस्थित है
(i) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐
(ii) 12 मीटर से 24 मीटर तक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐
(iii) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(ख) भवन के निर्माण की प्रकृति
(i) पक्का भवन, आर० सी० सी० छत या आर० बी० छत सहित ☐
(ii) अन्य पक्का भवन ☐
(iii) कच्चा भवन अर्थात [illegible] ☐

(ग) भूमि (यदि भूमि पर कोई भवन निर्मित नहीं है) अवस्थित है

(i) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(ii) 12 मीटर से 24 मीटर तक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(iii) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

टिप्पणी— कृपया उपयुक्त (एक), (दो) या (तीन) के खाने में जो भी सही हो उसमें सही का निशाल लगायें।

च. भवन स्वामी द्वारा अध्यासित है या किराये पर है। कृपया उनमें से किसी एक का उल्लेख करें।

टिप्पणी— यदि वह एक वर्ष से कम की अवधि से खाली है तो उसे स्वामी द्वारा अध्यासित समझा जायेगा। यदि वह एक वर्ष से अधिक की अवधि से खाली है तो उसे "खाली" उल्लिखित किया जायेगा।

छ. भवन के निर्माण का वर्ष .....

ज. (एक) मुख्य नगर अधिकारी द्वारा भवन के लिये निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर रुपये .....प्रति वर्ग फुट।

(दो) मुख्य नगर अधिकारी द्वारा भूमि के लिये निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर, यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो रुपये.....प्रति वर्ग फुट।

झ. (एक) भवन का वार्षिक मूल्य = 12 × मुख्य नगर अधिकारी निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर × भवन का कारपेट एरिया = 12 × ज (एक) × ग (दो) भूमि का वार्षिक मूल्य, यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो = 12 × मुख्य नगर अधिकारी द्वारा निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर × भूमि का क्षेत्रफल = 12 × ज (दो) × घ (दो)

(एक) स्वामी द्वारा अध्यासित होने की दशा में भवन का मूल्य, धारा 174 (2) (क) में यथा उल्लिखित छूट देने के पश्चात।

(दो) किराये पर होने की दशा में भवन का वार्षिक मूल्य, धारा 174 (2) (ख) में यथा उल्लिखित वृद्धि करने के पश्चात।

ट. (i) भवन का सामान्य कर = (में यथा अवधारित वार्षिक मूल्य) × सामान्य कर दर/100

(ii) भवन का जल कर = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य × की जलकर दर/100

(iii) भवन का जल निस्सारण कर = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य × की जल निस्सारण दर/100

(iv) भवन का स्वच्छता कर में यथा अवधारित वार्षिक मूल्य × स्वच्छता कर की दर/100

ठ. भूमि पर सामान्य कर, यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो = झ (दो) में यथा उल्लिखित वार्षिक मूल्य × सामान्य कर दर/100

ड. मुख्य नगर अधिकारी द्वारा कर जमा करने के लिये निर्धारित नियत दिनांक .....

ढ. जमा किये गये कर का विवरण

क्रम सं०	कर	राशि	दिनांक	चालान संख्या	बैंक का नाम
1	सामान्य कर				
2	जल कर				
3	जल निस्सारण कर				
4	स्वच्छता कर				

सत्यापन

मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि स्वामी [illegible] प्रस्तुत किये गये ब्यौरे जहाँ तक मेरी जानकारी और विश्वास है, ठीक और पूर्ण हैं।

हस्ताक्षर

स्थायी पता

दिनांक

अनुप्रमाणक साक्षी

हस्ताक्षर ----------

नाम ----------

पिता-माता का नाम ----------

पूरा पता ----------

प्रपत्र "ख"

भवन के कारपेट एरिया या भूमि के क्षेत्र के सम्बन्ध में सूचना प्रदान करने के लिये

क. (एक) स्वामी/अध्यासी का नाम .....

(दो) स्वामी/अध्यासी के पिता का नाम .....

(तीन) भवन/मकान/भूखण्ड संख्या .....

(चार) भवन/भूखण्ड की अवस्थिति का पता .....

(पाँच) स्वामी/अध्यासी का अस्थायी पता .....

(छः) स्वामी/अध्यासी का स्थायी पता .....

ख. निम्नलिखित का भवन सम्बन्धी ब्यौरा .....

(एक) समस्त कमरों और आच्छादित बरामदों का आन्तरिक आयाम (वर्ग फुट में).....

(दो) समस्त बालकनी, कारीडर, रसोई और भण्डार गृह का आन्तरिक आयाम (वर्ग फुट में).....

(तीन) समस्त गैराज का आन्तरिक आयाम (वर्ग फुट में).....

टिप्पणी— स्नानगृह, शौचालय, पोर्टिको और जीने द्वारा आच्छादित क्षेत्र कारपेट एरिया का भाग नहीं होगा।

ग. भवन का कारपेट एरिया—

= ख (एक) + 1/2 ख (दो) + 1/4 ख (तीन)

घ. (एक) भूमि का क्षेत्रफल जिस पर भवन निर्मित है (वर्ग फुट में).....

(दो) भूमि का क्षेत्रफल यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो (वर्ग फुट में).....

ङ. (क) भवन अवस्थित है

(i) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(ii) 12 मीटर से 24 मीटर तक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(iii) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(ख) भवन के निर्माण की प्रकृति

उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000[1]

उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या—2 सन् 1959) की धारा 174, 207-क, 221-ख के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं जिसे उक्त अधिनियम की धारा 540 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार सरकारी अधिसूचना संख्या—1763-नौ-9-1999-63-ज/95 टी० सी०, दिनांक 16.6.1999 के अधीन पहले प्रकाशित किया जा चुका है।

1. **संक्षिप्त नाम विस्तार और प्रारम्भ**—यह नियमावली उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000 कही जायेगी।

(2) उत्तर प्रदेश में नगर निगम पर प्रवृत्त होगी लेकिन इसके ऐसे क्षेत्र को, जिसे पिछले दस वर्ष के भीतर नगर में सम्मिलित किया गया हो और ऐसा भवन जो 30 वर्ग मीटर के भूखण्ड पर निर्मित किया गया हो, या जिसका कारपेट एरिया पन्द्रह वर्गमीटर तक हो छोड़कर उत्तर प्रदेश के समस्त नगर निगम पर, यदि ऐसे भवन के स्वामी के स्वामित्व में नगर में कोई अन्य भवन नहीं है, लागू होगी।

(3) यह इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

2. **परिभाषाएँ**—इस नियमावली में जब तक कि कोई बात विषय या सन्दर्भ के प्रतिकूल न हो—

(क) "अधिनियम" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 से है।

(ख) "भवनों का समूह" का तात्पर्य नियम 4 के अधीन उल्लिखित भवनों के समूह से है;

(ग) "भू समूह" का तात्पर्य नियम 4 के अधीन उल्लिखित भूमि के समूह से अधिनियम, 1959 से है;

(घ) "कच्चा भवन" का तात्पर्य ऐसे भवन से है ऐसे भवन से है जो पक्का भवन नहीं है;

(ङ) "अधिसूचित बैंक" का तात्पर्य मुख्य नगर अधिकारी द्वारा स्व: निर्धारण विवरण के साथ कर की धनराशि को जमा करने के लिए अधिसूचित बैंक या बैंकों से है,

(च) "सम्पत्ति" का तात्पर्य है यथास्थिति, किसी भवन या भूमि या दोनों से है,

(छ) "पक्का भवन" का तात्पर्य ऐसे भवन से जिसकी दीवार ईंट या पत्थर या ऐसी ही किसी अन्य सामग्री से निर्मित हो, से है;

(ज) "स्व-निर्धारण विवरण" का तात्पर्य किसी स्वामी या अध्यासी द्वारा इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र "क" में दाखिल किये जाने वाले स्व:निर्धारण विवरण से है।

3. **भवन या भूखण्ड का कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्रफल का विवरण**—(1) मुख्य नगर अधिकारी, समाचार-पत्रों में एक सूचना प्रकाशित करके सम्पत्ति करके भुगतान के लिये मुख्यत: दायी स्वामी या अध्यासी से इन नियमावली से संलग्न प्रपत्र "ख" में यथास्थिति भवन या भूखण्ड के कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्रफल के संबंध मे प्रत्येक वर्ष, एक विवरण और अन्य दोनों को इस उद्देश्य से उक्त सूचना में नियत दिनांक तक प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगा।

(2) मुख्य नगर अधिकारी, सम्पत्ति के स्वामी या अध्यासी की सुविधा के लिये प्रपत्र "ख" में विवरण प्रस्तुत करने के लिये नगर के विभिन्न वार्डों के लिये विभिन्न स्थानों को नियत कर सकता है।

(4) जब कभी भवन के कारपेट एरिया या भूमि के क्षेत्रफल या दोनों में कोई परिवर्धन या कमी की जाती है तो इसके तीस मास के भीतर यथास्थिति, स्वामी या अध्यासी के लिए प्रपत्र "ख" में एक नया विवरण प्रस्तुत करना आज्ञापक होगा।

4. (1) मुख्य नगर अधिकारी अधिनियम की धारा 174 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत न आने वाली सम्पत्ति की अवस्थिति का वार्ड वार वर्गीकरण करेगा और तत्पश्चात् प्रत्येक वार्ड के भीतर तीन विभिन्न समूह के नगरों में सम्पत्ति की स्थिति के आधार पर इसे वर्गीकृत किया जायेगा, अर्थात्—

(क) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाला मार्ग;

(ख) 12 मीटर से 24 मीटर तक की चौड़ाई वाला मार्ग;

(ग) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाला मार्ग।

(2) मुख्य नगर अधिकारी अधिनियम की धारा 174 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत न आने वाले भवनों के निर्माण की प्रकृति का वर्गीकरण निम्नलिखित आधार पर करेगा—

(क) पक्का भवन आर० सी० सी० छत या आर० बी० छत सहित;

(ख) अन्य पक्का भवन; या

(ग) कच्चा भवन अर्थात् समस्त अन्य भवन जो कि खण्ड (क) और (ख) में आच्छादित नहीं है।

(3) मुख्य नगर अधिकारी तदनुसार वार्ड में नीचे दर्शाये गये अनुसार सभी भवनों को नौ विभिन्न समूह की अधिकतम संख्या में और सभी रिक्त भू-खण्डों के मामलों में तीन विभिन्न समूह की अधिकतम संख्या में व्यवस्थित संख्या में व्यवस्थित करेगा—

(क) भवन के मामले में निम्नलिखित नौ समूह होंगे—

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर० सी० सी० छत सहित पक्का भवन।

(दो) 12 मीटर से 24 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर० सी० सी० छत सहित पक्का भवन।

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित पक्का भवन, आर० सी० सी० छत सहित।

(चार) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(पाँच) 12 मीटर से 24 मीटर अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(छ:) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(सात) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(आठ) 12 मीटर से 24 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(नौ) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(ख) भूमि के मामले में निम्नलिखित तीन समूह होंगे—

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

(दो) 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

4-क. मुख्य नगर अधिकारी, वार्ड के भीतर प्रत्येक दो वर्ष में एक बार, यथास्थिति, भवनों के प्रत्येक

अधिनियम & नियमावली

(2) राज्य सरकार [निगम] को किसी आरोपित किये गए कर की दर को बढ़ाने, परिष्कृत करने अथवा परिवर्तित करने का आदेश दे सकती है और तदुपरान्त [निगम] कर को आदेशानुसार बढ़ायेगी, परिष्कृत करेगी अथवा परिवर्तित कर देगी।

(3) यदि [निगम] उपधारा (1) अथवा (2) के अधीन दिए गये आदेश का पालन न कर सके तो राज्य सरकार कर को आरोपित करने, बढ़ाने परिष्कृत करने अथवा परिवर्तित करने के लिये उपयुक्त आज्ञा दे सकती है और तदुपरान्त राज्य सरकार की आज्ञा उसी प्रकार प्रवर्तन में आयेगी मानो यह [निगम] द्वारा यथावत पारित संकल्प हो।

सम्पत्ति करों का निर्धारण और लगाया जाना

207. निर्धारण-सूची का तैयार किया जाना—मुख्य नगराधिकारी[1] [समय-समय पर नगर या उसके किसी भाग] सभी भवनों या भूमियों अथवा दोनों की निर्धारण सूची तैयार करायेगा, जिसमें निम्नलिखित का उल्लेख होगा—

(क) सड़क या मोहल्ले का नाम, जिसमें सम्पत्ति स्थित हो;

(ख) सम्पत्ति का नाम (designation), या तो नाम से अथवा संख्या से जो पहचान के लिये पर्याप्त हो;

(ग) स्वामी और अध्यासी के, यदि ज्ञात हों, नाम;

(घ) वार्षिक किराये का मूल्य अथवा वार्षिक मूल्य निर्धारित करने वाले अन्य विवरण; तथा

(ङ) उन पर निर्धारित की गई कर की धनराशि।

[2][''207-क. स्व-निर्धारित सम्पत्ति कर जमा करने का विकल्प—इस अधिनियम में किसी अन्य उपबन्ध के होते हुए भी, किसी आवासिक भवन का स्वामी, या अध्यासी जो ऐसे भवन के संबंध में कर का भुगतान करने के लिये मुख्यतः दायी हो, अपने द्वारा देय सम्पत्ति कर की धनराशि से संबंधित अपने दायित्व का निर्धारण प्रत्येक वर्ष स्वयं कर सकता है और ऐसा करने में वह धारा 174 के खण्ड (ख) के उपबन्धों के अनुसार भवन का वार्षिक मूल्य स्वयं अवधारित कर सकता है और अपने द्वारा इस प्रकार निर्धारित सम्पत्ति कर को ऐसी रीति से ऐसे प्रपत्र में ऐसे स्व-निर्धारण विवरण के साथ, जैसा विहित किया जाय, जमा कर सकता है।''

208. सूची का प्रकाशन—[सब सम्पूर्ण नगर या [3][उसके किसी भाग] के लिये निर्धारण सूची, जिसमें धारा 207 के खण्ड (क) से (ङ) तक के ब्योरे दिये हों, तैयार हो जाय तब][1] मुख्य नगराधिकारी उस स्थान के संबंध में सार्वजनिक नोटिस देगा जहां पर [उक्त सूची][1] अथवा उसकी प्रतिलिपि का निरीक्षण किया जा सकेगा और [उक्त सूची][2] में उल्लिखित सम्पत्ति का स्वामी अथवा अध्यासी होने का दावा करने वाला प्रत्येक व्यक्ति, और उसका अभिकर्ता [उक्त सूची][1] का निरीक्षण कर सकेगा और बिना कोई शुल्क दिये उससे अवतरण (extract) भी ले सकेगा।

209. सूची की प्रविष्टियों पर आपत्तियाँ—(1) साथ ही मुख्य नगराधिकारी इसके कम से कम एक मास पश्चात् ऐसे दिनांक का सार्वजनिक नोटिस देगा जब कि कार्यकारिणी समिति [धारा 208 में उल्लिखित सूची में दर्ज][4] मूल्यांकनों तथा निर्धारणों (valuations and assessments) पर विचार प्रारम्भ करेगी और ऐसे सभी मामलों में, जिनमें किसी सम्पत्ति पर प्रथम बार निर्धारण किया गया हो, अथवा उसके निर्धारण में वृद्धि की गई हो वह ऐसी सम्पत्ति के स्वामी अथवा अध्यासी को भी, यदि ज्ञात हों, उसका नोटिस देगी।

(2) मूल्यांकन (valuation) तथा निर्धारण के संबंध में सभी आपत्तियां नोटिस में निश्चित किये गये दिनांक से पूर्व, मुख्य नगराधिकारी के पास लिखित प्रार्थना-पत्र के रूप में की जायेंगी, जिसमें उन कारणों का उल्लेख किया जायेगा जिनके आधार पर मूल्यांकन तथा निर्धारण पर आपत्ति की गयी हो और इस प्रकार दिये गये समस्त प्रार्थना-पत्रों का पंजीयन (registration) मुख्य नगराधिकारी द्वारा इस प्रयोजन के लिये रखी गयी पंजी (book) में किया जायेगा।

---

1. उ० प्र० अधिनियम सं० 17 सन् 1999 द्वारा धारा 207-क बढ़ाया गया।
2. उ० प्र० अधिनियम सं० 3, 1987 द्वारा बदला गया।
3. उ० प्र० अधिनियम सं० 8, 1970 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित।

(35)

नायाब तहसीलदार/नगर आयुक्त महो0

दिनांक–08/06/2016 को मा0मेयर महोदय द्वारा समीक्षा बैठक की गई जिसमें वित्तीय वर्ष 2016–17 का भवन कर वर्ष 2014–15 व 2015–16 की निर्धारित दरों के आधार पर जमा किए जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर मा0 कार्यकारिणी के सम्मुख रखे जाने के मौखिक निर्देश दिए गए थे।

उक्त क्रम में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 (उत्तराखण्ड में यथाप्रवृत लागू) की धारा 211 व सम्पत्ति कर नियमावली 2000 के अनुसार प्रत्येक 2 वर्षों में नयी निर्धारण सूची तैयार/दरों के पुर्नरीक्षण करने का प्रावधान है। चूंकि पूर्व में वर्ष 2014–15 में कर की दरें निर्धारित की गई थी और नियमानुसार वर्ष 2016–17 हेतु दरों का पुर्नरीक्षण/नयी निर्धारण सूची तैयार की जानी है। अधिनियम की धारा 174(ख) के अन्तर्गत कारपेट एरिया दरों के निर्धारित करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित है।

उक्त हेतु पूर्व में दि0–19/03/2016 को 3 तकनीकी परीक्षक व 5 मा0पार्षद सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी, जिसकी बैठक 2 बार दि0–02/05/2016 व 31/05/2016 को सम्पन्न हो चुकी है, जिसमें वर्तमान तक कोई सहमति नहीं बन पायी है, एवं इसमें समय लगने की सम्भावना है। यह भी संज्ञान में आया है, कि शासन स्तर पर दरों के पुर्नरीक्षण अवधि 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

चूंकि वित्तीय वर्ष 2016–17 के प्रथम 2 माह व्यतीत हो चुके हैं, इन दरों का पुर्नरीक्षण नहीं हो पाया है। यदि आप सहमत हो तो दरों के पुर्नरीक्षण होने तक पूर्व दरों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2016–17 का भवन कर जमा करवाने और दरों के पुर्नरीक्षणोपरान्त भवन कर को समायोजित करने सम्बन्धी आदेश प्रदान करना चाहें।

9.6.16

09/06/2016 9.6.16

कर अधीक्षक
नगर निगम, देहरादून।

(36)

मा0 मेयर महोदय

10/6/16
I/C नगर आयुक्त

कार्यवाहित * 19.6.16

प्रपत्र 'घ'

(नियम–3 देखिए)

अनावासिक भवन के सम्बन्ध में सम्पत्ति कर निर्धारण प्रपत्र

1– (एक)स्वामी/अध्यासी का नाम.....

(दो) स्वामी/अध्यासी के पिता का नाम.....

(तीन) भवन/मकान/भूखण्ड संख्या और अवस्थिति का पता.....

(चार) स्वामी/अध्यासी के निवास का पता.....

(पॉच) अन्य विवरण, यदि कोई हो.....

2– भवन या भूमि का विवरण.....

(एक)भवन का आच्छादित क्षेत्रफल (वर्गफुट में).....

(दो) खुली भूमि या भू–खण्ड का क्षेत्रफल(वर्गफुट में)

(तीन) अन्य विवरण, यदि कोई हो.....

3– अवस्थिति का विवरण–

(क) भवन या भूमि अवस्थित है–

(एक) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(दो) 12 मीटर से 24 मीटर तक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(तीन)12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐

(ख) भवन के निर्माण की प्रकृति

(एक) पक्का भवन, आर0सी0सी0 छत या आर0बी0 छत सहित ☐

(दो) अन्य पक्का भवन, अस्वेस्टोज, फाइबर या टीनशेड ☐

(तीन) कच्चा भवन अर्थात् समस्त अन्य भवन जो (एक) और (दो) में आच्छादित नहीं है। ☐

टिप्पणी:–कृपया प्रयोज्य खाने में सही का चिन्ह लगाये

4– भवन निर्माण का वर्ष–.....

5– पूर्व निर्धारित वार्षिक मूल्य और निर्धारण वर्ष.....

सत्यापन

मैं.....वार्ड.....के मौहल्ला .....में स्थित भवन सं0.....का स्वामी/अध्यासी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि इस प्रपत्र में प्रस्तुत किये गये ब्यौरे मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार ठीक और पूर्ण है। उसमें अन्तर्विष्ट किसी बात को न तो छिपाया गया है और न ही मिथ्या उल्लिखित किया गया है।

दिनांक

हस्ताक्षर.....

नाम.....

आज्ञा से,

डी0 एस0 गर्ब्याल,
सचिव।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 42 आ0श0वि0/557–2016–100+400 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

(ख) भूमि का वार्षिक मूल्य–

(एक) नगर आयुक्त द्वारा आवासिक भूमि हेतु नियत किराये की मासिक दर .....

(दो) नियमावली द्वारा विहित आवासिक भवन की दर के सम्बन्ध में गुणक .....

(तीन)भूमि ((एक) × (दो)) के लिए प्राप्त किराये की मासिक दर .....

(चार) भूमि का क्षेत्रफल .....

(पॉच) भूमि का वार्षिक मूल्य = किराये का मासिक दर × आच्छादित क्षेत्रफल × 12 [(तीन) × (चार) × (12)]

(ग) कुल वार्षिक मूल्य = क (पॉच) + ख (पॉच)

7– कर की गणना

(एक) सामान्य कर - $\frac{\text{यथा अवधारित वार्षिक मूल्य} \times \text{सामान्य कर की दर}}{100}$

(दो) अन्य कर (कर का नाम) - $\frac{\text{यथा अवधारित वार्षिक मूल्य} \times \text{कर की दर}}{100}$

8– जमा किये गये कर का विवरण –

क0स0	कर का नाम	कर की धनराशि	चालान/प्राप्ति सं0	दिनांक	बैंक/कार्यालय का नाम
1	2	3	4	5	6

मैं.....वार्ड.....के मौहल्ला.....में स्थित भवन सं0.....का स्वामी/अध्यासी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि इस प्रपत्र में प्रस्तुत किये गये ब्यौरे मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार ठीक और पूर्ण है। उसमें अन्तर्विष्ट किसी बात को न तो छिपाया गया है और न ही मिथ्या उल्लिखित किया गया है।

दिनांक

हस्ताक्षर.....

नाम.....

प्रपत्र 'ग'
(नियम–7 देखिए)

अनावासिक भवनों के सम्बन्ध में सम्पत्ति कर स्व निर्धारण प्रपत्र

1– स्वामी/अध्यासी का विवरण–
(एक) स्वामी/अध्यासी का नाम.....
(दो) स्वामी/अध्यासी के पिता का नाम.....
(तीन) भवन/मकान/भूखण्ड संख्या और अवस्थिति का पता.....
(चार) स्वामी/अध्यासी के निवास का पता0.....
(पॉच) अन्य विवरण, यदि कोई हो.....

2– भवन या भूमि सम्बन्धी ब्यौरा.....
(एक) भवन का आच्छादित क्षेत्रफल(वर्गफुट में).....
(दो)खुली भूमि या भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफुट में).....
(तीन)अन्य विवरण, यदि कोई हो.....

3– अवस्थिति का विवरण–
(क) भवन या भूमि अवस्थित है–
(एक)24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐
(दो) 12 मीटर से 24 मीटर तक की चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐
(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर ☐
(ख) भवन के निर्माण की प्रकृति
(एक)पक्का भवन, आर0सी0सी0 छत या आर0बी0 छत सहित ☐
(दो)अन्य पक्का भवन, अस्वेस्टोज, फाइबर या टीनशेड ☐
(तीन) कच्चे भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो (एक) और (दो) में आच्छादित नहीं है। ☐
टिप्पणी:– कृपया प्रयोज्य खाने में सही का निशान लगाये।

4– भवन निर्माण का वर्ष.....

5– पूर्व निर्धारित वार्षिक मूल्य और निर्धारण वर्ष.....

6– वार्षिक मूल्य की गणना.....

(क) भवन का वार्षिक मूल्य.....
(एक)नगर आयुक्त द्वारा आवासिक भवन हेतु नियत किराया का मासिक दर .....
(दो)नियमावली द्वारा विहित आवासिक भवन की दर के संबंध में गुणक .....
(तीन)भवन हेतु प्राप्त किराये का मासिक दर [(एक) × (दो)] .....
(चार) भवन का आच्छादित क्षेत्रफल.....
(पॉच) भवन का वार्षिक मूल्य = किराये का मासिक दर × आच्छादित क्षेत्रफल × 12 [(तीन) × (चार) × 12)]

क्यों न नोटिस में विनिर्दिष्ट तथा या तथ्यों को छुपाने के लिये उस पर एक हजार रूपये से अनाधिक की शास्ति आरोपित की जाये।

(2) यथास्थिति स्वामी या अध्यासी द्वारा दिये जाने वाले किसी स्पष्टीकरण पर विचार करने के पश्चात् और ऐसी जांच, जैसी आवश्यक समझी जाये, करने के पश्चात् निगम एक हजार रूपये से अनाधिक की शास्ति अधिरोपित कर सकता है और सम्पत्ति कर की धनराशि के साथ उसे वसूल किये जाने का आदेश दे सकता है।

सप्ताह का कारण बताओं नोटिस जारी करेगा कि क्यों न क्षेत्रफल को छुपाने को अथवा सम्पादक के त्रुटिपूर्ण विवरण से सम्पत्ति कर की देयता में होने वाले अन्तर के चार गुने के अनधिक की शास्ति अधिरोपित की जायें।

(2) यथास्थिति स्वामी या अध्यासी द्वारा दिये जाने वाले किसी स्पष्टीकरण पर विचार करने के पश्चात् और ऐसी जांच, जैसी आवश्यक समझी जाये, करने के पश्चात् नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी, जो नोटिस के अनुसार देय शास्ति से अधिक न हो अधिरोपित कर सकता है और सम्पत्ति कर की धनराशि के साथ उसे वसूल किये जाने का आदेश दे सकता है।

(3) नियम 3 के उपनियम (1) और (3) के अधीन नियत समय के भीतर अपेक्षित विवरण न प्रस्तुत किये जाने की दशा में नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी ऐसी शास्ति अधिरोपित कर सकेगा जो प्रश्नगत भू–खण्ड के क्षेत्रफल, 50 वर्ग मी0, 200 वर्ग मी0 तक, 400 वर्ग मी0 तक तथा उससे अधिक होने पर क्रमशः 100.00 रूपये, 1000.00 रूपये, 5000.00 रूपये तथा 15000.00 रूपये हो सकती है परन्तु 30 दिन के विलम्ब की स्थिति में शास्ति का 5 प्रतिशत विलम्ब शुल्क के रूप में जमा किया जायेगा।

नियत समय के भीतर विवरणी प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में, नियम 5 के अधीन कर निर्धारण सूची तैयार करते समय नियम 4–क के अधीन प्रस्तावित आच्छादित क्षेत्रफल दर का उपयोग भी शास्ति के अतिरिक्त किया जायगा।

(4) किसी व्यक्ति द्वारा नियम 3 के उपनियम (4) का उल्लंघन करने की दशा में, सम्पत्ति कर की दुगनी धनराशि अथवा प्रतिदिन 500.00 रूपये की दर से, जो भी कम हो, शास्ति का भुगतान करने का दायी होगा।

नियम 9. का जोड़ा जाना

9. मूल नियमावली में नियम 8. के पश्चात निम्नलिखित नियम 9. निम्नवत् शीर्षक सहित बढ़ा दिया जायेगा, अर्थात–

नियम 9. शास्ति का प्रशमन. – नियम–8 के उपनियम (1) (3) और (4) के अधीन शास्तियों का प्रशमन नगर आयुक्त अथवा उसके द्वारा इस निमित प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा शास्ति की अधिकतम धनराशि के एक तिहाई से अन्यून तथा आधे से अनाधिक धनराशि पर किया जा सकेगा।

नये प्रपत्र 'ग' और 'घ' का बढाया जाना

10. मूल नियमावली में, प्रपत्र 'ख' के पश्चात् निम्नलिखित नये प्रपत्र "ग" और "घ" बढा दिये जाएंगे, अर्थात:–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
6. कर की गणना– मुख्य नगर अधिकारी या मुख्य नगर अधिकारी द्वारा प्राधिकृत कोई व्यक्ति सामान्य कर, जल कर, जल निस्सारण कर, और स्वच्छता कर की गणना करेगा उसके बाद वह, यथास्थिति स्वामी या अध्यासी को एक बिल प्रस्तुत करेगा जिसमें एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा, जब तक अधिसूचित बैंक में कर का भुगतान करना होगा। यदि ऐसे दिनांक तक कर की सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो अधिनियम की धारा–221–क में यथा उल्लिखत ब्याज देय होगा।	6. करों का भुगतान– नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी नियम 4, 4–ग और 5 के अधीन निर्धारित सम्पत्ति कर के भुगतान हेतु स्वामी या अध्यासी को बिल भेजेगा जिसमें एक ऐसा दिनॉक निर्दिष्ट होगा, जब तक नगर आयुक्त द्वारा अधिसूचित बैंक या नगर निगम के कार्यालय में कर का भुगतान किया जायेगा। यदि नियत दिनांक तक कर की सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो अधिनियम की धारा 221–क के अनुसार ब्याज देय होगा। परन्तु यदि सम्पत्ति के सम्बन्ध में स्वकर निर्धारण किया गया है तो कर का भुगतान सार्वजनिक सूचना द्वारा निर्धारित तिथि तक किया जायेगा।
नियम 7. का संशोधन–	7. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में, दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात
स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
7–कर का स्वनिर्धारण– किसी आवासिक भवन के सम्बन्ध में कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी स्वामी या अध्यासी अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार सम्पत्ति कर को स्वतः अवधारित कर सकता है और उसके द्वारा इस प्रकार निर्धारित सम्पत्ति कर को स्वकर निर्धारण विवरण के साथ अधिसूचित बैंक में जमा कर सकता है।	7. स्वकर निर्धारण– किसी भवन या भूमि या दोनों के सम्बन्ध में कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी स्वामी या अध्यासी अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार सम्पत्ति कर को स्वतः अवधारित कर सकता है और उसके द्वारा इस प्रकार निर्धारित सम्पत्ति कर को स्वकर निर्धारण विवरण के साथ अधिसूचित बैंक में जमा कर सकता है। नगर आयुक्त स्वकर निर्धारण की यथार्थता सुनिश्चित करने हेतु नगर में अवस्थित सभी भवनों का जी0आई0एस0 आधारित सर्वेक्षण को प्राथमिकता प्रदान करेंगे।
नियम 8. का संशोधन–	8. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में, दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा एवं उपनियम–2 के बाद उपनियम–3 व 4 जोड़े जायेंगे, अर्थात
स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
8. शास्ति– (1) निगम यथास्थिति भवन या भूमि के प्रस्तुत कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्रफलों के विवरण या स्वकर निर्धारण के विवरणों की कुल संख्या के कम से कम दस प्रतिशत के विवरणों की यदा–कदा जांच करेगी और भवन के कारपेट एरिया के किसी भाग या भूमि के क्षेत्रफल के किसी भाग को छिपाने की दशा में दो सप्ताह के भीतर, यथास्थिति, स्वामी या अध्यासी का इस आशय का कारण बताओं नोटिस जारी करेगा कि	8. शास्ति– (1) नगर आयुक्त यथास्थिति भवन या भूमि के प्रस्तुत कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्रफलों के विवरण या स्वकर निर्धारण के विवरणों की कुल संख्या के कम से कम दस प्रतिशत के विवरणों की यदा–कदा जांच करायेगा और भवन के कारपेट एरिया अथवा आच्छादित क्षेत्रफल के किसी भाग या भूमि के क्षेत्रफल के किसी भाग को छिपाने या दरों आदि का त्रुटिपूर्ण विवरण देने की दशा में यथास्थिति, स्वामी या अध्यासी का इस आशय का दो

(दो) भवन का कारपेट एरिया या भूमि का क्षेत्रफल या दोनों,
(तीन) भवन निर्माण का वर्ष।
(चार) भवन निर्माण की प्रकृति
(ड) उस पर निर्धारित कर की धनराशि,
(एक) सामान्य कर
(दो) जलकर
(तीन) सीवर व्यवस्था सम्बन्धी कर
(चार) स्वच्छता कर
(पाँच) कुल धनराशि

(ग) कर निर्धारण सूची में निम्नलिखित समाविष्ट होंगे:–
(एक) सड़क या मोहल्ले, जिसमें सम्पत्ति स्थित हो, का नाम,
(दो) नाम या संख्या या किसी अन्य विनिर्दिष्ट द्वारा जो पहचान के लिए पर्याप्त हो, सम्पत्ति का अभिधान,
(तीन) स्वामी का नाम, यह उल्लेख करते हुए कि यह स्वामी द्वारा अध्यासित है या किराये पर है यदि किराये पर है तो किरायेदार का नाम,
(चार) भवन या भूमि के समूह के लिए कारपेट एरिया आधारित तथा आच्छादित क्षेत्र आधारित प्रति वर्ग फुट किराये की न्यूनतम मासिक दर,
(पाँच) भवन का कारपेट एरिया अथवा आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि का क्षेत्रफल या दोनों,
(छः) भवन निर्माण का वर्ष,
(सात) भवन निर्माण की प्रकृति,

(2) स्वकर निर्धारण के संबंध में सूची– ऐसे आवासिक भवनों को, जिनके विषय में प्रपत्र 'क' पर और अनावासिक भवनों को, जिनके विषय में प्रपत्र 'ग' पर विहित अवधि के भीतर स्वनिर्धारित कर जमा करा दिया गया हो, उपनियम (1) के अन्तर्गत तैयार की गयी सूची में प्रविष्ट तो किया जायेगा परन्तु नियम–5–क के उपबन्ध ऐसे भवनों पर लागू नहीं होंगे।

प्रतिबन्ध यह है कि किसी शिकायत या जाँच के आधार पर यदि कोई विवरण सही नहीं पाया जाता है तो सूची में प्रविष्टि विवरण एवं उसमें निर्धारित कर को पुनरीक्षित किया जायेगा तथा कारण बताओ नोटिस के पश्चात् शास्ति अधिरोपित की जायेगी।

5– क. सूची का प्रकाशन एवं आपत्तियों की प्राप्ति – (1) जब सम्पूर्ण नगर या उसके किसी भाग की कर निर्धारण सूची तैयार हो जाये तब नगर आयुक्त उस स्थान एव समय के सम्बन्ध में जहां उक्त सूची का निरीक्षण किया जा सकेगा, नगर में पचिालन वाले दो समाचार पत्रों में सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करायेगा।

(2) भवन के कारपेट एरिया, आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल की गणना या अन्य प्रविष्टियों तथा छूट आदि के सम्बन्ध में नगर आयुक्त को सम्बोधित सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के एक माह के भीतर लिखित रूप में भेजी जायेगी। किराये की मासिक दरों के निर्धारण के सम्बन्ध में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

(3) नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी आपत्ति कर्ताओं को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर देते हुए आपत्तियों का निस्तारण करेगा।

नियम 6. का संशोधन–

6. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में, दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात

(4) स्वनिर्धारण–भवन के विषय में सम्पत्ति कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी व्यक्ति या अन्य दायी व्यक्ति नियम 4 और 4–ग के अनुसार कर निर्धारित करते हुए और नियम 3 में अपेक्षित विवरणी के स्थान पर इस नियमावली के यथास्थिति प्रपत्र 'क' या प्रपत्र 'ग' में सम्पत्ति का विवरण अंकित करते हुए नगर आयुक्त द्वारा निर्धारित बैंक में नियम 3के उपनियम (1) के अधीन निर्धारित दिनांक तक यथास्थिति प्रपत्र 'क' या 'ग' और चालन के साथ कर जमा करेगा।

(5) स्वकर निर्धारण में विशेष उपबन्ध– उपनियम(4) के अधीन नियत दिनांक तक स्वनिर्धारण द्वारा सम्पत्ति करो के दायित्व की सीमा, जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर विहित की जाये, से अधिक नहीं होगी।

(6) प्रोत्साहन– (1) नियम 7 के अन्तर्गत भवन स्वामी द्वारा यदि किसी भवन के सम्पत्ति कर की गणना कर नगर निगम द्वारा निर्धारित तिथि के अन्तर्गत कर का एकमुश्त वार्षिक भुगतान किया जाता है तो नगर निगम के वर्तमान उपविधियों में प्राविधानित छूट के अतिरिक्त 5 प्रतिशत की छूट एक बार देय होगी।

(2) नगर निगम की उपविधि में प्राविधानित छूट के अतिरिक्त 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जायेगी यदि भवन स्वामी या अध्यासी द्वारा आनुक्रमी वर्षो के माह अप्रैल में भवन के कर का अग्रिम पूर्ण भुगतान किया जाता है।

नियम– 5 का संशोधन

5. मूल नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, साथ ही नया नियम 5–क जोड़ दिया जायेगा :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
5. भवनों और भूमि की सूची– मुख्य नगर अधिकारी, नगर के भीतर अवस्थित भवनों या भूखण्डों या दोनों की एक सूची तैयार करेगा, जिसमें निम्नलिखित समाविष्ट होंगे– (क) सम्पत्ति का समूह (ख) नाम या संख्या या किसी अन्य विनिर्दिष्ट द्वारा, जो पहचान के लिये पर्याप्त हो, सम्पत्ति का अभिधान, (ग) स्वामी का नाम, यह उल्लेख करते हुए कि यह स्वामी द्वार अध्यासित है या यह किराये पर है। यदि किरायें पर है तो अध्यासी का नाम। (घ) (एक) भवन या भूमि के समूह के लिये प्रतिवर्गफुट	5. कर निर्धारण सूची– (1) सभी भवनों या भूखण्डों या दोनों के सम्बन्ध में कर निर्धारण सूची कर–गणना के पश्चात् निम्नलिखित आधार पर तैयार की जायेगी– (क) भवन और भूमि के स्वामी या अध्यासी द्वारा प्रपत्र 'क', 'ख', 'ग', और 'घ' पर प्रस्तुत किये गये विवरण के आधार पर या (ख) नियत समय के भीतर प्रपत्र यथास्थिति 'क' या 'ख' या 'ग' या 'घ' में सूचनायें न देने की स्थिति में नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एकत्र की गयी सूचनाओं के आधार

नोटः– (क) पैट्रोल पम्प का जो भूमिगत क्षेत्र या संरचना भूमिगत स्टोरेज के लिए उपयोग की जाती है, कारपेट एरिया की गणना के लिए जोड़ी जायेगी।
(ख) संचार/मोबाईल टॉवर और उसकी सहायक मशीनों के द्वारा आच्छादित किसी प्रकार के क्षेत्र को सम्पत्ति कर की गणना के लिए कारपेट एरिया माना जायेगा।

4–ख. खंड (क) के अधीन आपत्तियों के विनिश्चित किये जाने पर मुख्य नगर अधिकारी ऐसे नगर में पारिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार–पत्रों में, यथास्थिति, वार्ड के भीतर भवनों के प्रत्येक समूह के लिए कारपेट एरिया के प्रति वर्गफुट किराये की न्यूनतम मासिक दर या भूमि के प्रत्येक सूमह के लिए क्षेत्रफल के प्रति वर्गफुट पर किराये की प्रयोज्य न्यूनतम मासिक लागू दर को अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात् यह अन्तिम हो जायेगी।

4–(ख). न्यूनतम मासिक किराये की दर का प्रकाशन– खंड 4–क के अधीन आपत्तियों के विनिश्चित किये जाने पर नगर आयुक्त ऐसे नगर में पारिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार–पत्रों में, यथास्थिति, वार्ड/वार्ड के मौहल्लेवार के भीतर भवनों के प्रत्येक समूह के लिए कारपेट एरिया के प्रति वर्गफुट किराये की न्यूनतम मासिक दर या भूमि के प्रत्येक सूमह के लिए क्षेत्रफल के प्रति वर्गफुट पर किराये की प्रयोज्य न्यूनतम मासिक लागू दर को अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात् यह अन्तिम हो जायेगी।

4–(ग) (1). कर निर्धारण– कर का निर्धारण निम्नांकित के आधार पर किया जायेगा–

(क) (एक) आवासिक भवन के वार्षिक मूल्य की गणना–

कारपेट एरिया × निर्धारित प्रतिइकाई क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12

या

आच्छादित क्षेत्रफल × निर्धारित प्रतिइकाई क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12 × 80 प्रतिशत

(दो) आवासिक भूमि की वार्षिक मूल्य की गणना–

भूमि का क्षेत्रफल × निर्धारित प्रतिइकाई क्षेत्रफल मासिक किराया × 12

(ख) (एक) अनावासिक भवनों की वार्षिक मूल्य की गणना–

आच्छादित क्षेत्रफल × आवासिक भवन की दर के संबंध में गुणक के आधार पर नियत प्रति इकाई क्षेत्रफल की दर × 12

(दो) अनावासिक भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना–

भूमि का क्षेत्रफल × आवासिक भवन की दर के संबंध में गुणक के आधार पर नियत प्रति इकाई क्षेत्रफल की मासिक दर × 12

(2) संदेय कर– अधिनियम की धारा 148 के अधीन नियत दरों के अनुसार वार्षिक मूल्य के आधार पर कर संदेय होंगे।

(3) छूट– आवासिक भवनों के वार्षिक मूल्य में छूट अनुमन्य होगी और अधिनियम में विहित उपबन्धों के अनुसार कर संदेय होंगे।

(5)	(क) क्लीनिक (केवल चिकित्सीय परामर्श हेतु उपयोगित)	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का दो गुना
	(ख) अस्पताल/नर्सिंग होम ,पॉलिक्लीनिक, डाइग्नोस्टिक सेन्टर, मेडिकल स्टोर, प्रयोगशालायें, स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र आदि0	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का तीन गुना
(6)	क्रीडा केन्द्र, जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केन्द्र, फिटनेस केन्द्र, मनोरंजन केन्द्र, थियेटर और सिनेमा हॉल	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का दो गुना
(7)	(क) बिना छात्रावास सुविधा वाले स्कूलों, कालेजों एवं शिक्षा केन्द्रों के भवन (सिवाय राज्य सरकार के स्वामित्व वाले)	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का एक गुना
	(ख) छात्रावास सुविधा वाले स्कूलों, कालेजों एवं शिक्षा केन्द्रों के भवन (सिवाय राज्य सरकार के स्वामित्व वाले)	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का दो गुना
(8)	पैट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, डिपो,	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का दो गुना
(9)	सामुदायिक भवन, विवाह घर, वेडिंग प्वाइन्ट, कल्याण मण्डप, वेयर हाउस, गोदाम, क्लब आदि	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का तीन गुना
(10)	भवन मय मोबाईल टॉवर. राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के वैसे सभी प्रतिष्ठान और उपक्रम जो वाणिज्यिक, व्यवसायिक एवं वित्तीय गतिविधियों में संलग्न है।	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का तीन गुना
(11)	औद्योगिक इकाईयां	
	(क) लघु	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का दो गुना
	(ख) मध्यम	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का तीन गुना
	(ग) वृहद	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का पॉच गुना
(12)	समस्त प्रकार के अनावासिक भवन जो उपरोक्त श्रेणियों के अन्तर्गत न आते हों	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का तीन गुना

(2) अनावासिक भवनों और भूमि की स्थिति में आच्छादित क्षेत्रफल और भूमि का प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराये की दर उप नियम(1) के अधीन नियत किराये की मासिक दर का गुणांक होगा, जैसा कि नीचे अनुसूची में उल्लिखित है:–

श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	अनावासिक भवन की मासिक किराये की दर
(1)	(क) होटल, पेईंग गेस्ट हाउस 10 कमरों तक (बगैर वातानुकूलित)	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का तीन गुना
	(ख) होटल 10 कमरों से अधिक (बगैर वातानुकूलित)	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का चार गुना
	(ग) समस्त होटल/पेईंग गेस्ट हाउस (वातानुकूलित) 3स्टार सुविधा तक	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का पाँच गुना
	(घ) होटल 4स्टार और ऊपर वाले, बार, पब, रेस्टोरेन्ट मयबार और क्लब मयबार।	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का छः गुना
	(ङ) धर्मार्थ धर्मशाला/आश्रम/होटल जहां प्रति कमरा किराया दर 200 रू0 प्रतिदिन या अधिक या जो व्यवसायिक दरों पर विद्युत का उपयोग कर रहें हों।	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का तीन गुना
(2)	मॉल्स	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का छः गुना
(3)	सभी प्रकार के वाणिज्यिक भवन शोरूम, बैंक कार्यालय, कोचिंग एवं प्रशिक्षण संस्थान, ए0टी0एम0	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का पाँच गुना
(4)	दुकानें/ढाबा/स्टाल	
	(क) 100 वर्गफिट तक	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का दो गुना
	(ख) 100 वर्गफिट से 200 वर्गफिट तक	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का तीन गुना
	(ग) 200 वर्गफिट से 500 वर्गफिट तक	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का चार गुना
	(घ) 500 वर्गफिट से अधिक	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का पाँच गुना
	(ङ) पूर्णतः आवश्यक सेवाऐं व्यवसाय सम्बन्धी स्टाल (दूध, सब्जी–फल, नाई, मोची, साईकिल–रिक्शा/टू व्हीलर मैकेनिक)	उपनियम–1 के अधीन नियत दर का 1.1 गुना

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

4–क. मुख्य नगर अधिकारी वार्ड के भीतर प्रत्येक दो वर्ष में एक बार यथास्थिति भवनों के प्रत्येक समूह के लिए कारपेट एरिया की प्रति वर्गफुट न्यूनतम मासिक किराये की दर या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए क्षेत्रफल की प्रति वर्गफुट लागू न्यूनतम मासिक किराये की दर निम्न को ध्यान में रखते हुए नियत करेगा,–

(एक) भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा नियत सर्किल दर और

(दो) ऐसे भवन या भूमि के लिए क्षेत्र में वर्तमान किराये की न्यूनतम दरः

नीचे से प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे मासिक किराये की दर नियत करने के पूर्व मुख्य नगर अधिकारी ऐसी प्रस्तावित दरों को ऐसे नगर में परिचालन वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात् हितबद्ध व्यक्तियों को आपत्तियाँ दाखिल करने के लिए न्यूनतम 15 दिन का समय देगा। प्राप्त आपत्तियों का बारह भिन्न–भिन्न बण्डलो की अधिकतम संख्या में समूह बनाने के पश्चात् ऐसी सभी आपत्तियों पर वार्डवार सुनवाई की जायेगी। प्रत्येक बण्डल में, यथास्थिति भवनों के एक समूह या भूमि के एक समूह के लिए प्राप्त आपत्तियाँ रहेंगी। सभी आपत्तियों का निस्तारण स्वयं मुख्य नगर अधिकारी द्वारा या मुख्य नगर अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा आपत्तिकर्ताओं की कुल संख्या के कम से कम दस प्रतिशत व्यक्तियों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् किया जायेगा। यह आवश्यक नहीं होगा कि सभी आपत्तिकर्ताओं को या हितबद्ध व्यक्तियों को व्यक्तिगत रुप से सुना जाय। आपत्तियों को बण्डलवार विनिश्चित किया जायेगा।

4–(क). न्यूनतम मासिक किराये की दर का निर्धारण–. (1) नगर आयुक्त वार्डवार/वार्ड के मौहल्लेवार के भीतर प्रत्येक चार वर्ष में एक बार यथास्थिति भवनों के प्रत्येक समूह के लिए कारपेट एरिया की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) न्यूनतम मासिक किराये की दर या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए क्षेत्रफल की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) लागू न्यूनतम मासिक किराये की दर की गणना करेगा और निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए आवासिक भवन के रुप में दर नियत करेगा,–

(एक) भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा नियत सर्किल दर और

(दो) ऐसे भवन या भूमि के लिए क्षेत्र में किराये की वर्तमान न्यूनतम दरः

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे मासिक किराये की दर नियत करने के पूर्व नगर आयुक्त ऐसी प्रस्तावित दरों को ऐसे नगर में परिचालन वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात् हितबद्ध व्यक्तियों को आपत्तियाँ दाखिल करने के लिए न्यूनतम 15 दिन का समय देगा। प्राप्त आपत्तियों का बारह भिन्न–भिन्न बण्डलो की अधिकतम संख्या में समूह बनाने के पश्चात् ऐसी सभी आपत्तियों पर वार्डवार सुनवाई की जायेगी। प्रत्येक बण्डल में, यथास्थिति भवनों के एक समूह या भूमि के एक समूह के लिए प्राप्त आपत्तियाँ रहेंगी। सभी आपत्तियों का निस्तारण स्वयं नगर आयुक्त द्वारा या नगर आयुक्त द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा आपत्तिकर्ताओं की कुल संख्या के कम से कम दस प्रतिशत व्यक्तियों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् किया जायेगा। यह आवश्यक नहीं होगा कि सभी आपत्तिकर्ताओं को या हितबद्ध व्यक्तियों को व्यक्तिगत रुप से सुना जाय। आपत्तियों का बण्डलवार विनिश्चय किया जायेगा।

नगर आयुक्त इस नियम के अन्तर्गत निर्धारित मासिक किराया दर को प्रत्येक चार वर्ष की समाप्ति से पूर्व विहित प्राविधानों के अनुसार पुनरीक्षित करना सुनिश्चित करेगा, जिससे नवीन दरों के आधार पर भवन/भूमि के वार्षिक मूल्यांकन को पुनरीक्षित किया जा सके। मासिक किराया दर के पुनरीक्षण में विलम्ब के फलस्वरुप निगम को किसी राजस्व हानि के लिए नगर आयुक्त उत्तरदायी होगा।

स्पष्टीकरण–कारपेट एरिया के निर्धारण में निहित कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए आच्छादित क्षेत्रफल के आधार पर दरें कारपेट एरिया आधारित दरों का 80 प्रतिशत होगी, जिन्हें स्वकर निर्धारण के लिए माना जायेगा।

तीन विभिन्न प्रकार के मार्गों पर सम्पत्ति की स्थिति के अधार पर इसे वर्गीकृत किया जायेगा, अर्थात

(क) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाला मार्ग,

(ख) 12 मीटर से 24 मीटर तक का चौड़ाई वाला मार्ग,

(ग) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाला मार्ग,

(2) मुख्य नगर अधिकारी, अधिनियम की धारा 174 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत न आने वाले भवनों के निर्माण की प्रकृति का वर्गीकरण निम्नलिखित आधार पर करेगा–

(क) पक्का भवन आर0सी0सी0 छत या आर0बी0 छत सहित,

(ख) कोई अन्य पक्का भवन, या

(ग) कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड(क) और खण्ड(ख) से आच्छादित नहीं है।

(3) मुख्य नगर अधिकारी तदनुसार वार्ड में नीचे दर्शाये गये अनुसार सभी भवनों को नौ विभिन्न समूहों की अधिकतम संख्या में और सभी रिक्त भूखण्डों के मामलो में तीन विभिन्न समूहों की अधिकतम संख्या में व्यवस्थित संख्या में व्यवस्थित करेगा–

(क) भवन के मामले में निम्नलिखित नौ समूह होंगे–

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन।

(दो) 12मीटर से 24 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन।

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित पक्का भवन आर0सी0सी0 छत सहित।

(चार) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(पॉच) 12मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(छः) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(सात) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(आठ) 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(नौ) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(ख) भूमि के मामलें में निम्नलिखित तीन समूह होगें,

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

(दो) 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग

प्रकार के मार्गों पर सम्पत्ति की स्थिति के अधार पर इसे वर्गीकृत किया जायेगा, अर्थात

(क) 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाला मार्ग,

(ख) 12 मीटर से 24 मीटर तक का चौड़ाई वाला मार्ग,

(ग) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाला मार्ग,

(2) नगर आयुक्त, अधिनियम की धारा 174 के उपबन्धों के अन्तर्गत आने वाले भवनों के निर्माण की प्रकृति का वर्गीकरण निम्नलिखित आधार पर करेगा–

(क) पक्का भवन आर0सी0सी0 छत या आर0बी0 छत सहित,

(ख) कोई अन्य पक्का भवन, या

(ग) कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड(क) और खण्ड(ख) से आच्छादित नहीं है।

(3) नगर आयुक्त तदनुसार वार्डवार/वार्ड के मौहल्लेवार में नीचे दर्शाये गये अनुसार सभी भवनों को नौ विभिन्न समूहों की अधिकतम संख्या में और सभी रिक्त भूखण्डों के मामलो में तीन विभिन्न समूहों की अधिकतम संख्या में व्यवस्थित करेगा –

(क) भवन के मामले में निम्नलिखित नौ समूह होंगे–

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन।

(दो) 12मीटर से 24 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन।

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित पक्का भवन आर0सी0सी0 छत सहित।

(चार) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(पॉच) 12मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(छः) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित अन्य पक्का भवन।

(सात) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(आठ) 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(नौ) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित कच्चा भवन।

(ख) भूमि के मामलें में निम्नलिखित तीन समूह होगें,

(एक) 24 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

(दो) 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

(तीन) 12 मीटर से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि।

नियम 3. का संशोधन

3. मूल नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम 3. के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
3. भवन या भूखण्ड का कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्र का विवरण – (1) मुख्य नगर अधिकारी समाचार–पत्रों में एक सूचना प्रकाशित करके सम्पत्ति कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी स्वामी या अध्यासी से इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र "ख" में यथा स्थिति भवन या भूखण्ड के कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्रफल के संबंध में प्रत्येक वर्ष में एक विवरण और अन्य ब्यौरे को इस उद्देश्य से उक्त सूचना में नियत दिनांक तक प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगा।	3. किसी भवन या भूखण्ड का कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्र का विवरण– (1) नगर आयुक्त समाचार– पत्रों में एक सूचना प्रकाशित करके सम्पत्ति कर के भुगतान के लिए मुख्यतः दायी स्वामी या अध्यासी से इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र "ख" और प्रपत्र 'घ' में यथा स्थिति आवासीय भवन या भूखण्ड के कारपेट एरिया और अन्य क्षेत्र और अनावासिक भवन के आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल के संबंध में प्रत्येक चार वर्ष में एक विवरण कर निर्धारण के प्रयोजनार्थ उक्त सूचना में नियत दिनांक तक प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगा।
(2) मुख्य नगर अधिकारी सम्पत्ति के स्वामी या अध्यासी की सुविधा के लिए प्रपत्र "ख" में विवरण प्रस्तुत करने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों के लिए विभिन्न स्थानों को नियत कर सकता है।	(2) नगर आयुक्त सम्पत्ति के स्वामी या अध्यासी की सुविधा के लिए प्रपत्र "ख" और "घ" में विवरण प्रस्तुत करने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों के लिए विभिन्न स्थानों को नियत कर सकता है।
(3) जब कभी स्वामी द्वारा अध्यासित भवन को किराये पर दिया गया हो या इसके विपरीत हो, तो इसके तीन मास के भीतर स्वामी के लिए प्रपत्र "ख" में एक नया विवरण प्रस्तुत करना आज्ञापक होगा।	(3) जब कभी स्वामी द्वारा स्व–अध्यासित या खाली भवन को किराये पर दिया जाय या इसके विपरीत हो, तो ऐसा होने के साठ दिन के भीतर स्वामी के लिए प्रपत्र "ख" और "घ" में एक नया विवरण प्रस्तुत करना आज्ञापक होगा।
(4) जब कभी भवन के कारपेट एरिया या भूमि के क्षेत्रफल या दोनों में कोई परिवर्धन या कमी की जाती है तो इसके तीन मास के भीतर, यथास्थिति, स्वामी या अध्यासी के लिए प्रपत्र "ख" में एक नया विवरण प्रस्तुत करना आज्ञापक होगा।	(4) जब किसी भवन में निर्माण या पुनर्निर्माण के फलस्वरुप, आच्छादित क्षेत्रफल में 25 प्रतिशत या अधिक की वृद्धि हो जाती है तो निर्माण के समापन या अध्यासन के दिनांक से , साठ दिन के भीतर यथास्थिति स्वामी या अध्यासी के लिए प्रपत्र "ख" और "घ" में एक नया विवरण प्रस्तुत करना आज्ञापक होगा।

नियम 4. का संशोधन

4.मूल नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, साथ ही नया नियम 4–ग निम्नवत् जोड़ दिया जायेगा :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
4. (1) मुख्य नगर अधिकारी अधिनियम की धारा 174 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपबंधों के अन्तर्गत न आने वाली सम्पत्ति की अवस्थिति का वार्डवार वर्गीकरण करेगा और तत्पश्चात प्रत्येक वार्ड के भीतर	4. सम्पत्ति का वर्गीकरण– (1) नगर आयुक्त अधिनियम की धारा 174 के उपबंधों के अन्तर्गत आने वाली सम्पत्ति की अवस्थिति का वार्डवार/वार्ड के मौहल्लेवार वर्गीकरण करेगा और

नियम 1. के उपनियम–2 का संशोधन

मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
1 (2) उत्तर प्रदेश में नगर निगम पर प्रवृत्त होगी लेकिन इसके ऐसे क्षेत्र को, जिसे पिछले दस वर्ष के भीतर नगर में सम्मिलित किया गया हो और ऐसा भवन जो 30 वर्ग मीटर के भूखण्ड पर निर्मित किया गया हो, या जिसका कारपेट एरिया 15 वर्गमीटर तक हो, छोड़कर उत्तर प्रदेश के समस्त नगर निगम पर, यदि ऐसे भवन के स्वामी के स्वामित्व में नगर में कोई अन्य भवन नहीं है, लागू होगी।	1 (2) उत्तराखण्ड में नगर निगम पर प्रवृत्त होगी लेकिन ऐसा आवासीय भवन जो 30 वर्ग मीटर के भूखण्ड पर निर्मित किया गया हो, या जिसका कारपेट एरिया 15 वर्गमीटर तक हो, छोड़कर उत्तराखण्ड के समस्त नगर निगम पर, यदि ऐसे भवन के स्वामी के स्वामित्व में नगर में कोई अन्य भवन नहीं है, लागू होगी।
नियम 2. का संशोधन	2. मूल नियमावली में नियम 2. में खण्ड (घ) के पश्चात निम्नवत् जोड दिया जायेगा एवं खण्ड (ज) को निम्नवत् प्रतिस्थापित करते हुए खण्ड (झ) से (ड) जोड़ दिया जायेगा:– (घ–1) "अनावासिक भवन" से ऐसे किसी भवन या स्थान या भूमि या भवन या उसके भाग अभिप्रेत है जो अनावासिक हो और जो उक्त अधिनियम की धारा 174 की उपधारा (1) के खण्ड (1) के अधीन आच्छादित हो,
(ज) "स्व–निर्धारण विवरण" का तात्पर्य किसी स्वामी या अध्यासी द्वारा इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र "क" में दाखिल किये जाने वाले स्व–निर्धारण विवरण से है।	(ज) "स्व–निर्धारण विवरण" का तात्पर्य किसी स्वामी या अध्यासी द्वारा इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र "क" व "ग" में दाखिल किये जाने वाले स्व–निर्धारण विवरण से है। (झ) 'कारपेट एरिया' का तात्पर्य अधिनियम 174 की उपधारा (1) के स्पष्टीकरण (एक) में निर्दिष्ट कारपेट एरिया से है। (ञ) 'आच्छादित क्षेत्रफल' का तात्पर्य कुर्सी क्षेत्र के ऊपर जिस पर भवन निर्मित है के प्रत्येक तल आच्छादित क्षेत्र से है; (ट) 'वार्षिक मूल्य' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 174 के अधीन निर्दिष्ट वार्षिक मूल्य से है; (ठ) 'मासिक किराया दर' का तात्पर्य नियम 4–ख के अनुसार नगर आयुक्त द्वारा विहित, यथा स्थित, भवनों या भूमि के कारपेट एरिया के प्रति वर्गफुट मासिक किराये से है; (ड.) 'आवासीय भवन' का तात्पर्य उस भवन से है, जिसकी प्रत्येक इकाई उसमें रहने वाले व्यक्ति के अध्यासन में हो, और उसमें ऐसे भवन भी है जिनमें आवासीय उपयोग का प्राविधान हो, किन्तु इसमें व्यावसायिक उद्देश्य से उपयोग के लिए होटल, लाज या किसी अन्य प्रकार के भवन सम्मिलित न

क्रम संख्या–165

पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

देहरादून, मंगलवार, 25 अक्टूबर, 2016 ई0

कार्तिक 03, 1938 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

शहरी विकास अनुभाग–3

संख्या 1624/IV–3/2016–6(8)/2016

देहरादून, 25 अक्टूबर, 2016

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 की धारा–174, 207, 207 क, 207 ख, 208, 209, 210, 211, 213, 214 और 221–ख के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके उक्त अधिनियम की धारा 540 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार पूर्व प्रकाशित अधिसूचना संख्या–1542/IV(3)/2016.06(08)/2016, दिनांक 07 अक्टूबर 2016 के पश्चात् उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते है:–

संक्षिप्त नाम, विस्तार और आरम्भ

1–(1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 (संशोधन) नियमावली, 2016 है।

(2) यह उत्तराखण्ड के समस्त नगर निगमों पर लागू होगी।

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

(2) (52)

उत्तराखण्ड शासन
शहरी विकास विभाग
संख्याः-1655 IV(3)2016-06(08)/2016
देहरादूनः दिनांक 08 नवम्बर, 2016

निदेशक,
शहरी विकास निदेशालय,
देहरादून।

उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 (संशोधन नियमावली, 2016 की अधिसूचना की 200 प्रतियां संलग्न कर आपकों इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि उक्त अधिसूचना को अपने स्तर से समस्त स्थानीय निकायों को प्रेषित करने का कष्ट करें।

(ओमकार सिंह)
संयुक्त सचिव।

पंजीकृत

पत्रांक–1564/श0वि0नि0/1574– अधि0–संशो0/16/2016

प्रेषक,

निदेशक,
शहरी विकास निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

समस्त नगर आयुक्त,
नगर निगम,
उत्तराखण्ड।

देहरादूनः दिनांक 15 नवम्बर, 2016

विषयः– उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2002), अनूकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 एवं उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000 (अनुकूलन एंवं उपान्तरण आदेश 2002), अनूकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 में संशोधन विषयक अधिसूचनाओं का प्रेषण ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–1627/IV(03)/2016–06(4)/2016टी0सी0 दिनांक 25–10–2016 एवम् पत्र संख्या–1655 IV(03)/2016–06(08)/2016 दिनांक 08–11–2016 के द्वारा प्रेषित अधिसूचना संख्या–239/XXXVI(3)/2016/44(1)/2016 दिनांक 02 अगस्त, 2016, एवम् तत्क्रम में शुद्धिपत्र अधिसूचना संख्या–285/XXXVI(3)/2016/44(1)/2016 दिनांक 12 सितम्बर, 2016 तथा अधिसूचना संख्या–1624/IV(03)/2016–06(8)/2016 दिनांक 25–10–2016 द्वारा क्रमशः उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की कतिपय धाराओं में संशोधन किया गया है एवम् उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्ति कर) नियमावली, 2000 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2002), अनूकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2007 में संशोधन किया गया है।

1460(Tax)
29.11.16

अतः उपरोक्त अधिसूचनाओं की प्रतियां अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित हैं।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

755
22.11.16

CMNA/TS(Tax)
को शीघ्र कार्यवाही हेतु।
नगर आयुक्त 22/11

भवदीय,

(सुभाष गुप्ता)
संयुक्त निदेशक,
कृते निदेशक।

संख्या एवं दिनांक तदैव :–

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड शासन को सूचनार्थ प्रेषित। 28/11/16

(सुभाष गुप्ता)
संयुक्त निदेशक,
कृते निदेशक।

E-Aryaji

54

कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून।

पत्रांक 132/ST/018 दिनॉक 24/03/18

आदेश

सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून द्वारा जारी अधिसूचना सं0–624/IV–3/2016–6(8)/2016 देहरादून दिनांक 25.10.2016 के द्वारा संशोधित सम्पत्ति कर नियमावली–2000 के नियम–4 के उपनियम–4 "क" के कम में अप्रैल 2018 से भवन कर के मासिक किराये की दरे 4 वर्षो के लिए निर्धारण हेतु निम्नानुसार समिति गठित कि जाती है:–

1.	श्री नीरज जोशी	अपर नगर आयुक्त	अध्यक्ष
2.	श्रीमति सोनिया पंत	उप नगर आयुक्त	उपाध्यक्ष
3.	श्री वेदप्रकाश बधानी	सहायक अभियन्ता	सदस्य
4.	श्री धर्मेश पैन्यूली	कर अधीक्षक (भवन कर)	सदस्य सचिव
5.	श्रीमति पूनम रावत	कर अधीक्षक (भवन कर)	सचिव
6.	श्री चन्द्रप्रकाश अहूजा	ड्राफ्ट्समैन	सदस्य

150

उपरोक्त समिति प्रत्येक दशा में भवन कर के मासिक किराया दरों के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट संस्तुति सहित दिनॉक 30.03.2018 तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगी।

नगर आयुक्त,
नगर निगम,दहरादून।

प्रतिलिपि:–

1. मा0 महापौर महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. समस्त नामित सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
3. कार्यालय प्रति।

नगर आयुक्त,
नगर निगम देहरादून।

(55)

कार्यालय उप नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून।

पत्रांक 95/उ0 अनु0भा0/2018 दिनॉक 26.3.18

1. श्री वेदप्रकाश बधानी, सहायक अभियन्ता, नगर निगम देहरादून।
2. श्री धर्मेश पैन्यूली, कर अधीक्षक (भवन कर), नगर निगम देहरादून।
3. श्रीमति पूनम रावत, कर अधीक्षक (भवन कर), नगर निगम देहरादून।
4. श्री चन्द्रप्रकाश अहूजा, ड्राफ्ट्समैन, नगर निगम देहरादून।

नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय आदेश सं0–132/एस0टी0/018, दिनॉक 24.03.2018 के द्वारा सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून द्वारा जारी अधिसूचना सं0–624/IV–3/2016–6(8)/2016 देहरादून दिनांक 25.10.2016 के द्वारा संशोधित सम्पत्ति कर नियमावली–2000 के नियम–4 के उपनियम–4 "क" के क्रम में अप्रैल 2018 से भवन कर के मासिक किराये की दरे 4 वर्षो के लिए निर्धारण हेतु समिति गठित की गयी है, जिसमें आप सदस्य के रूप में नामित है।

अतः उपरोक्तानुसार नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनॉक 26.03.2018 को अपरान्ह 04.00 बजे समिति की बैठक आहूत की जाती है।

उप नगर आयुक्त,
नगर निगम देहरादून।

प्रतिलिपिः–

1. मा0 महापौर महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. नगर आयुक्त महोदय को उनके द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. अपर नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
4. समस्त सदस्यों को इस निर्देश के साथ कि बैठक में समस्त सूचनाओं के साथ ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
5. कार्यालय प्रति।

उप नगर आयुक्त,
नगर निगम देहरादून।

(56)

कार्यालय उप नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून।

पत्रांक 95/कर अनुभाग/2018 दिनॉक 26.3.18

1. श्री वेदप्रकाश बधानी, सहायक अभियन्ता, नगर निगम देहरादून।
2. श्री धर्मेश पैन्यूली, कर अधीक्षक (भवन कर), नगर निगम देहरादून।
3. श्रीमति पूनम रावत, कर अधीक्षक (भवन कर), नगर निगम देहरादून।
4. श्री चन्द्रप्रकाश अहूजा, ड्राफ्ट्समैन, नगर निगम देहरादून।

नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय आदेश सं0–132/एस0टी0/018, दिनॉक 24.03.2018 के द्वारा सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून द्वारा जारी अधिसूचना सं0–624/IV–3/2016–6(8)/2016 देहरादून दिनांक 25.10.2016 के द्वारा संशोधित सम्पत्ति कर नियमावली–2000 के नियम–4 के उपनियम–4 "क" के कम में अप्रैल 2018 से भवन कर के मासिक किराये की दरे 4 वर्षो के लिए निर्धारण हेतु समिति गठित की गयी है, जिसमें आप सदस्य के रूप में नामित है।

अतः उपरोक्तानुसार नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में दिनॉक 26.03.2018 को अपरान्ह 04.00 बजे समिति की बैठक आहूत की जाती है।

उप नगर आयुक्त,
नगर निगम देहरादून।

प्रतिलिपिः–

1. मा0 महापौर महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. नगर आयुक्त महोदय को उनके द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. अपर नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
4. समस्त सदस्यों को इस निर्देश के साथ कि बैठक में समस्त सूचनाओं के साथ ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
5. कार्यालय प्रति।

उप नगर आयुक्त,
नगर निगम देहरादून।

57

नगर आयुक्त महोदय

सचिव शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून द्वारा जारी अधिसूचना सं0–624/iv–3/2016–6(8)/2016 देहरादून दिनांक 25.10.2016 के द्वारा संशोधित सम्पत्ति कर नियमावली–2000 के नियम–4 के उपनियम–4 "क" के क्रम में अप्रैल 2018 से भवन कर के मासिक किराये की दरें चार वर्षों के निर्धारण हेतु कार्यालय के पत्रांक संख्या 132/एस0टी0/018 दिनांक 24.03.2018 के द्वारा 6 सदस्यीय कमेटी गठित की गई। उक्त परिपेक्ष्य में समिति द्वारा संशोधित संपत्ति कर नियमावली 2000 एवं नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 174 का अवलोकन किया गया जिसमें दरों के निर्धारण हेतु निम्नलिखित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आवासीय भवन के रूप में दर के नियत किए जाने की व्यवस्था दी गई है।

1 भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा नियत सर्किल दर और

2 ऐसे भवन या भूमि के लिए क्षेत्र में किराये की वर्तमान न्यूनतम दर।

समिति द्वारा भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा वर्ष 2014, 2016 व 2018 के नियत सर्किल दर सूची के तुलनात्मक अध्ययन पर पाया गया कि उक्त वर्षो में सर्किल रेट सूची में लगभग 15 से 18 प्रतिशत की वृद्धि की गई है चूंकि वर्ष 2014 में नगर निगम देहरादून द्वारा निर्धारित भवन के प्रत्येक समूह के लिए कारपेट एरिया की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) न्यूनतम मासिक किराये की दर एवं भूमि के प्रत्येक समूह के लिए क्षेत्रफल की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) की दरें अत्यन्त कम थी।

अतः निगम की वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए व निगम को आर्थिक रूप से सुदृढ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम देहरादून सीमान्तर्गत वार्डवार भवन के प्रत्येक समूह के लिए कारपेट एरिया की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) न्यूनतम मासिक किराये की दर एवं भूमि के प्रत्येक समूह के लिए क्षेत्रफल की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) हेतु न्यूनतम मासिक किराए की दर पत्रावली के दाहिनी ओर रक्षित सूची के अनुसार (चूंकि यह दरें वर्ष 2018 से अग्रिम चार वर्षों हेतु निर्धारित होगी) की जानी उचित होगी। उपरोक्त के आधार पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से पत्रावली के दाहिनी ओर संलग्न मासिक किराये की दर संस्तुति सहित आदेशार्थ प्रेषित।

31/3/18
चन्द्र प्रकाश आहूजा
ड्रफ्ट्समैन

वेद प्रकाश बधानी
सहायक अभियन्ता

पूनम
कर अधीक्षक

31/3/18
धर्मेश मन्यूली
कर अधीक्षक

31/3/18
(Ved Prakash Madhav)

सोनिया पन्त
उप नगर आयुक्त

31/3/18
नीरज जोशी
अपर नगर आयुक्त

Municipal Corporation Dehradun

Telephone - 0135&2655620, 265352, 2658204
Fax –0135&2651061
Website –www.nagarnigamdehradun.com
E-mail nagar_nigam2008@yahoo.com,nagarnigam.ddn@gmail.com
Toll free – 1800–180–4153, Control Room - 1800–180–4206

सेवा में ,

1 श्री सुशील गुप्ता, मा0 पार्षद, निगम, देहरादून ।
2 श्री विनय कोहली, मा0 पार्षद, नगर निगम, देहरादून।
3 श्रीमती कमली भट्ट, मा0 पार्षद, नगर निगम, देहरादून।
4 श्री भूपेन्द्र कठैत , मा0 पार्षद, नगर निगम, देहरादून ।
5 श्रीमती अमिता सिंह, मा0 पार्षद, नगर निगम, देहरादून।

महोदय/महोदया,

वर्तमान में उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 (उत्तराखण्ड़ में यथाप्रवत लागू) की धारा 174 (ख) के अन्तर्गत आवासीय भवनों का कर निर्धारण स्वकर निर्धारण नियमावली 2000 के अन्तर्गत किया जा रहा है जो कि वर्ष 2014 से प्रारम्भ किया गया है तथा नियमानुसार चार वर्ष हेतु मान्य है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018–19 से अधिनियम/नियमावली के अनुसार किराये की वर्तमान न्यूनतम दरें निर्धारित की जानी है।

उपरोक्त के कम में दिनांक 05/04/2018 को मा0 बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव द्वारा आपको सदस्य नामित करते हुए 5 सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है। उपरोक्त दरों के निर्धारण करने में विचार विमर्श हेतु अपर नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देशों के कम में दिनांक 23.04.18 को प्रातः 11:30 बजे अपर नगर आयुक्त महोदय के कक्ष में बैठक आहूत की गयी है। अतः आप सभी उक्त बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय

कर अधीक्षक
नगर निगम देहरादून

पत्रांक– 107 कर अनु०/2018 दिनांक– 18-04-2018

प्रतिलिपिः–

1 मा0 मेयर महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रोषित ।
2 नगर आयुक्त महोदय को सूचनार्थ प्रेषित ।
3 अपर नगर आयुक्त महोदय को सूचनार्थ प्रषित।
4 उप नगर आयुक्त महोदया को सूचनार्थ प्रषित।
5 श्री वेद प्रकाश बधानी सहायक अभियन्ता महोदय को सूचनार्थ प्रषित।
6 श्री धर्मेश पैन्यूली कर अधीक्षक, भवनकर, श्री चन्द्र प्रकाश आहूजा ड्राफ्ट्समैन को इस निर्देश के साथ कि नगर आयुक्त महोदय द्वारा आपको सदस्य नामित किया गया है। अतः निर्धारित तिथि एवं समय पर पत्रावलियों/अभिलेखों सहित उक्त बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

कर अधीक्षक
नगर निगम देहरादून ।

दिनांक 23/04/2018 को भवन कर दरों के पुर्ननिर्धारण हेतु आहूत बैठक में उपस्थिति —

59

ह०

① अपर नगर आयुक्त महो

② उपनगर आयुक्त महो०

③ सहायक अभियन्ता

④ कर अधीक्षक

⑤ ड्राफ्टसमैन

मा० पार्षद गण (उपस्थिति)

ह०

① श्री सुशील गुप्ता

② श्री विनय कोहली 23-4-18

③ श्रीमती कमली सह

④ श्री भूपेन्द्र कठैत — B Singh

⑤ श्रीमती अमिता सिंह —

4

(60)

विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त चौक का नाम "जसवंत सिंह चौक" रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

8. श्री मनमोहन चमोली, सामाजिक कार्यकर्ता के पत्र जिसमें तुन्तोवाला मार्ग को "शहीद जगदम्बा प्रसाद बडौनी मार्ग" किये जाने हेतु लिखा है, पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।
9. टिहरी रिहेबिलिटेशन वैलफेयर सोसाईटी द्वारा टिहरी बांध शहरी विस्थापित क्षेत्र, अजबपुर कलां देहरादून का नाम "टिहरी नगर" रखे जाने हेतु लिखा है, पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।
10. वार्ड सं0–51 निकट वाणी विहार (जैन प्लाट में) में नई आवासीय कालोनी के निवासियों द्वारा प्रस्तुत पत्र जिसमें आवासीय कालोनी की समिति द्वारा उक्त आवासीय कालोनी का नाम शिवाजी एनक्लेव रखे जाने हेतु लिखा है, पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त कालोनी का नाम शिवाजी एनक्लेव रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी।
11. संत शिरोमणी गुरू रविदास जी, क्षेत्रीय महासभा, पो0ओ0 माजरा क्षेत्र देहरादून द्वारा वार्ड–77 माजरा सहारनपुर रोड़ देहरादून स्थित चौक का नाम "संत रविदास चौक" करने हेतु लिखा है, पर विचारोपरान्त सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

तत्पश्चात् मा0 महापौर महोदय द्वारा अपरान्ह 1.00 बजे अधिवेशन समाप्ति की घोषणा की गयी।

(विजय कुमार जोगदण्डे)
नगर आयुक्त,
नगर निगम, देहरादून।

(विमोद चमोली)
महापौर
नगर निगम, देहरादून।

3(24) विद्युत अनुभाग द्वारा विद्युत व्यवस्था की मैन्टेनेंस/मरम्मत हेतु स्काई लिफ्टर के क्रय की स्वीकृति हेतु विषय सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

3(25) विद्युत अनुभाग द्वारा प्रस्तुत आख्या जिसमें नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत प्रकाश व्यवस्था 100 अतिरिक्त पोलों के क्रय एवं लगाने हेतु मै0 सकलानी इलैक्ट्रिकल वर्क्स से पूर्व स्वीकृत दरों पर स्वीकृति हेतु 14वें वित्त अनुदान के अंतर्गत रू0 2303336.00 (जी0एस0टी0 सहित) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु संस्तुति की गयी है, की स्वीकृति हेतु विचारोपरान्त सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

3(26) मा0 महापौर महोदय की अनुमति से सदन में नगर निगम क्षेत्रांतर्गत निम्नांकित स्थलों/मार्गो/प्रवेश द्वार आदि से सम्बन्धित पत्रावलियां एवं पत्र प्रस्तुत किये गये जिनपर सदन द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

1. मा0 विधायक श्री खजान दास जी के पत्र दि0 14.12.17 जिसमें श्रीमती गौरा देवी जी के नाम से एम0डी0डी0ए0 पार्क, विधान सभा भवन के पास वाले पार्क अथवा मयूर विहार स्थित शिक्षा विभाग के सामने वाले खाली प्लाट में से किसी एक का नाम "गौरा देवी स्मृति पार्क" रखे जाने हेतु अनुरोध किया गया है, पर विचार–विमर्श में कहा गया कि श्रीमती गौरा देवी के नाम से विधान सभा भवन के पास पूर्व से ही "गौरा देवी पार्क" स्थित है।
2. मा0 विधायक श्री हरबंस कपूर जी के पत्र जिसमें स्व0 श्री शिव प्रसाद मिश्रा राही, वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उनके परिवार के निवास वाली सड़क (गली) 74/जे0–ए पंण्डितवाड़ी फेज–2 का नामकरण उनके नाम पर करने एवं सड़क के शुरू में गेट का निर्माण करने हेतु लिखा है, पर विचारोपरान्त सदन द्वारा सर्वसम्मति से मार्ग का नाम "स्व0 शिव प्रसाद मिश्रा राही मार्ग" रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी।
3. रैस्ट कैम्प वार्ड–39 मौहल्ला कल्याण समिति के पत्र जिसमें अम्बर होटल पैलेस के पास स्थित चौक का नाम गुरू तेग बहादुर जी के सुपुत्र श्री कल्गीधर के नाम से "कल्गीधर चौक" नाम रखे जाने हेतु लिखा गया है, विचारोपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।
4. वार्ड–42 के निवासियों द्वारा कारगी चौक के नजदीक वार्ड सं0–42 की गली (मौहल्ला) का नामकरण "संस्कृति एनक्लैव" रखे जाने हेतु लिखा गया है पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।
5. वार्ड–39 रैस्ट कैम्प के मा0 पार्षद श्री राजकुमार कक्कड़ के पत्र दि0 03.11.17 जिसमें मौहल्ला कल्याण समिति रैस्ट कैम्प के पत्र दि0 25.10.17 के द्वारा निम्नांकित बस्ती एवं कालोनी के नाम रखे जाने हेतु अनुरोध किया गया है, पर विचार।

   5(1) नई बस्ती सी–ब्लाक का नाम शहीद भरत सिंह नेगी जी (कारगिल शहीद सैनिक) के नाम पर "भरत नगर" रखे जाने हेतु सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

   5(2) मद्रासी कालोनी का नाम छत्रपति शिवाजी के नाम पर "शिवाजी नगर" रखे जाने हेतु सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।
6. अभियंत्रण अनुभाग द्वारा बल्लीवाला चौक से पंडितवाड़ी तक कांवली रोड़ मार्ग का नाम "शहीद मेजर विवेक गुप्ता मार्ग" रखे जाने हेतु आख्या एवं शासन के पत्र आदि प्रस्तुत किये गये। सदन द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त मार्ग का नाम "शहीद मेजर विवेक गुप्ता मार्ग" रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी।
7. इन्द्रानगर कालोनीवासी कैप्टन एस0एस0 रावत, मेजर एम0एस0 नेगी एवं एस0एस0 कठैत के पत्र जिसमें इन्द्रा नगर कालोनी के मध्य चौक जहां से इन्द्रानगर फेज–।। जसवंत नगर प्रारम्भ होता है, का नाम "जसवंत सिंह चौक" रखने हेतु तथा एक मूर्ति एवं साईन बोर्ड लगाने हेतु निवेदन किया गया है, पर

द्वारा नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि 2009 के अंतर्गत यूजर चार्जेज अपशिष्ठ उत्पादक की श्रेणी/उपशिष्ट के प्रकार के आधार पर प्रतिमाह निर्धारित किये गये हैं तथा 24 श्रेणियां निर्धारित की गयी है। यूजर चार्जेज की शत–प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्युत प्रयोग करने वाले उपयोगकर्ता जिन्हें प्रतिमाह विद्युत बिल विद्युत विभाग द्वारा दिया जाता है उसको नगर निगम की मांग (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि 2009 यूजर चार्जेज दरों के अनुसार) बिल में जोड़ते हुए वसूली किये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जाना स्वीकार किया गया। आवश्यकता होने पर जल संस्थान विभाग के भी बिलों में यूजर चार्जेज जोड़कर वसूली की जा सकती है। सदन द्वारा उक्त का भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजने हेतु निर्णय लिया गया।

3(17) मा0 विधायक श्री उमेश शर्मा काऊ द्वारा अगवत कराया गया कि एम0डी0डी0ए0 कालोनी डालनवाला में टयूबवैल निर्माण का कार्य किया जाना है जिसे स्वीकृति प्रदान कर दी जाये। मा0 महापौर महोदय द्वारा कहा गया कि बिना नगर निगम की सहमति एवं स्वीकृति के स्थल पर टयूबवैल निर्माण का कार्य जल निगम द्वारा प्रारम्भ कर लिया गया, जबकि अमृत योजना के अन्तर्गत उक्त स्थल पर कोई टयूबवैल स्वीकृत नहीं है। भविष्य में अमृत योजना के कार्यो की स्वीकृति के दौरान स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।

3(18) जय मॉ संतोषी वेलफेयर एसोसिएशन टैक्सी यूनियन के पत्र दि0 18.01.18 जिसमें निवेदन किया गया कि धनोल्टी विधान सभा के अंतर्गत जौनपुर थत्यूड़ से प्रतिदिन आने वाले टैक्सी वाहन के लिए देहरादून में स्टैण्ड नहीं है जिससे आम जनमानस को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, पर मा0 महापौर महोदय के निर्देश के क्रम में भूमि अनुभाग द्वारा प्रस्तुत आख्या जिसमें ग्राम किशनपुर डायवर्जन रोड़ पर पेट्रोल पम्प के साथ खसरा नं0–2ख रकवा 0.4370 है किस्म भूमि बंजर श्रेणी–5.3ड नगर निगम के नाम दर्ज कागजात हैं व उक्त भूमि रिक्त पड़ी है। उक्त भूमि में मुख्य मार्ग से खसरा नं0–2 में जाने वाली सड़क के पश्चिम किनारे में रिक्त पड़ी भूमि पर 20 टैक्सी वाहनों के पार्किंग हेतु भूमि निर्धारित करते हुए उपलब्ध कराने एवं रू0 200/– प्रतिवाहन प्रतिदिन किराया लिये जाने की संस्तुति की गयी है, पर विचारोपरान्त सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

3(19) विभाग द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि अमृत योजना के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 17–18 में प्रस्तावित रू0 82.26 करोड़ की स्लिप कार्ययोजना/प्रस्ताव शासन को भेजे गये है का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। मा0 पार्षद श्रीमती अमिता सिंह ने कहा कि उनके द्वारा भी अमृत योजना के प्रस्ताव दिये गये थे, उन्हें भी सम्मिलित कर लिया जाये। मा0 महापौर महोदय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। सदन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

3(20) मा0 पार्षदगणों द्वारा अपने वार्डो में वार्डवार रू0 15.00 लाख की धनराशि की सीमा तक के निर्माण/विकास कार्य और कराये जाने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु कहा गया। सदन द्वारा उक्त की स्वीकृति प्रदान की गयी।

3(21) मा0 पार्षद श्री विनय कोहली द्वारा सदन में रायपुर रोड़ चूना भट्टा के पास नगर निगम की भूमि पर बाउण्ड्री वाल/अवैध कब्जे के सम्बन्ध में प्रकरण संज्ञान में लाया गया। मा0 महापौर महोदय ने सम्बन्धित शिकायत पर नायब तहसीलदार को जांच कर तीन दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये।

3(22) मा0 पार्षद श्री सतीश कश्यप ने कहा कि ब्रहमपुरी में नगर निगम द्वारा निर्मित फ्लैटों के आवंटन की कार्यवाही शीघ्र की जानी चाहिए। मा0 महापौर महोदय ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने हेतु निर्देश दिये।

3(23) स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा नगर क्षेत्र विस्तारीकरण के फलस्वरूप सफाई व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार कम्पैक्टर एवं बिन की आपूर्ति हेतु विषय सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

(63)

	पैमाईश करने पर 298.47 वर्गमीटर भूमि पायी गयी है, जिसे वर्ष 1992 के सर्किल रेट पर फ्री–होल्ड करने एवं रजिस्ट्री करने के सम्बन्ध में विषय नगर निगम बोर्ड व शासन के निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया है, पर विचार।	
3(10)	मा0 पार्षद श्री भूपेन्द्र कठैत द्वारा अवगत कराया गया है कि राजपुर रोड़ पर पानी की टंकी के पास पूर्व में लीज पर दी गयी भूमि किसी के द्वारा विक्रय की जा रही है, जिसकी जांच करायी जाये।	मा0 महापौर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त भूमि तत्कालीन बोर्ड द्वारा लीज पर दी गयी होगी। भूमि अनुभाग जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।
3(11)	विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास 2022, सभी घटकों में रू0 299.02 करोड़ की कार्ययोजना स्वीकृतार्थ सदन में प्रस्तुत की गयी।	विचारोपरान्त सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

3(12) मा0 पार्षद श्री विनय कोहली द्वारा माधोराम क्वार्टर, रायपुर रोड़ परिसर में स्थित क्वार्टरों को फ्रीहोल्ड करने के सम्बन्ध में मा0 महापौर महोदय की अनुमति से प्रकरण पर सदन में चर्चा की गयी। सदन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रकरण शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाये।

3(13) अमृत योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो के सम्बन्ध में सदन में चर्चा हुयी। मा0 पार्षदगणों ने कहा कि जल निगम के कार्यो की गुणवत्ता के सम्बन्ध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, इसलिए थर्ड पार्टी से जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। सदन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

3(14) भवन कर की रिपोर्ट के क्रम में मा0 महापौर महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विगत वित्तीय वर्ष भवन कर की आय लगभग रू0 12 करोड़ 55 लाख थी जो इस वित्तीय वर्ष में लगभग रू0 18.50 करोड़ हो चुकी है तथा रू0 10 करोड़ की डिमाण्ड अवशेष है। इस प्रकार लगभग रू0 28 करोड़ का राजस्व नगर निगम को प्राप्त होगा तथा अगले वित्तीय वर्ष में यह आय रू0 40 करोड़ तक पहुँच जायेगी। मा0 महापौर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि स्वकर निर्धारण नियमावली के अन्तर्गत 04 वर्ष के उपरान्त नई दरों का निर्धारण किया जाना है। पूर्व में निर्धारित दरों में कुछ क्षेत्रों में विरोधाभास पाया गया था इसलिए दरों के निर्धारण हेतु अधिकारियों के साथ–साथ मा0 सभासदों की विधान सभावार एक समिति गठित की जाती है, जो अपनी रिपोर्ट यथाशीघ्र प्रस्तुत करेंगी। समिति में मा0 पार्षद श्री सुशील गुप्ता, श्री भूपेन्द्र कठैत, श्रीमती अमिता सिंह, श्री विनय कोहली एवं श्रीमती कमली भट्ट को सदस्य नामित किया गया। सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

3(15) मा0 महापौर महोदय की अनुमति से विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव जिसमें संशोधित सम्पत्ति कर नियमावली 2000 के नियम–7 में सम्पत्ति कर के जी0आई0एस0 आधारित सर्वेक्षण को प्राथमिकता प्रदान करने के सम्बन्ध में उपबंध दिये गये हैं, के अनुसार नगर निगम देहरादून में जी0आई0एस0 आधारित सम्पत्ति कर एवं मल्टीपर्पज हाउस होल्ड सर्वे टैक्नीकल हैडहोल्डिंग के सहयोग से मूल्यांकन डिजाईन एवं टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किये जाने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

3(16) विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव जिसमें नगर निगम देहरादून नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि 2009 के अंतर्गत यूजर चार्जेज (सेवा शुल्क) की वसूली विद्युत विभाग/अन्य विभाग से विद्युत बिल/जल के बिल आदि के साथ लिये जाने के सम्बन्ध में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया है। संज्ञान में लाया गया कि नगर निगम

	है। प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाये जिसमें सरकार/मा0 मंत्रीमण्डल/मा0 विधायकों को भी सम्मान एवं धन्यवाद प्रेषित किया जाये।	गये।
3(5)	स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा नगर निगम के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, रिहैबिलेट, अपग्रेड, ऑपरेट, मैनेज एवं ट्रांसफर (RUOMT) पर चेन्नई एम0एस0डबलू प्रा0लि0 (L_1) के अनुमोदन हेतु विभागीय संस्तुति पर विचार।	सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। कन्सेशन एग्रीमेंट हेतु नगर आयुक्त को अधिकृत किया गया।
3(6)	विभाग द्वारा सदन में अवगत कराया गया कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पूर्व में कूड़ा नियंत्रण हेतु कूड़ा ढलाव (ट्रांसफर यार्ड) बी0ओ0टी0 के आधार पर बनाने हेतु निविदा स्वीकृत की गयी थी जिसमें सम्बन्धित फर्म द्वारा 32 चिन्हित स्थलों में से मात्र एक ही स्थल पर ढलाव का निर्माण किया गया किन्तु उसका समुचित उपयोग जनहित में नहीं हो पा रहा है जिस कारण उक्त ढलाव को भी ध्वस्त किये जाने का निर्णय लिया गया था व अन्य 31 चिन्हित स्थलों पर निर्माण के दौरान विवाद के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया। उक्त निविदा निरस्त करने एवं पैसेफिक हिल एपार्टमेंट मसूरी डायवर्जन रोड़ पर निर्मित एक ढलाव को ध्वस्त करने सम्बन्धी विभागीय संस्तुति पर विचार।	सदन द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निविदा निरस्त करने तथा सम्बन्धित फर्म द्वारा जमा करायी गयी धनराशि रू0 14.40 लाख वापस किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।
3(7)	मा0 पार्षद श्रीमती अनीता देवी ने कहा कि सहारनपुर रोड़ लाल पुल पर निर्मित रैन बसेरा के कोने पर बागडिये रह रहे है उनकी अन्यत्र व्यवस्था करायी जाये।	मा0 महापौर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इस सम्बन्ध में पूर्व में भी भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये गये थे। सम्बन्धित अधिकारियों को पुनः निर्देश दिये गये कि भूमि चिन्हित कर शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।
3(8)	मा0 पार्षद श्री सतीश कश्यप द्वारा मा0 महापौर महोदय की अनुमति से ब्रहमपुरी में निर्मित 56 फ्लैट के आबंटन हेतु विषय सदन के समक्ष रखा गया।	निर्णय लिया गया कि शासन को स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजा जाये।
3(9)	भूमि अनुभाग की आख्या दि0 28.02.18 जिसमें मौ0 शाहिद पुत्र श्री हाजी तौफिक अहमद, 6 नया नगर देहरादून के प्रार्थना पत्र दि0 22.03.18 के द्वारा भण्डारी बाग में नगर निगम स्लाटर हाउस के पास आबंटित भूमि को फ्री–होल्ड किये जाने के अनुरोध के क्रम में श्री शाहिद को पूर्व में नगर पालिका द्वारा 188.12 वर्गमीटर भूमि लीज पर आबंटित की गयी थी। वर्तमान समय पर	सर्वसम्मति से स्वीकृति हेतु शासन को भेजने हेतु निर्णय लिया गया।

	प्लान संलग्न किया गया है, के क्रम में स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु विचार।	
3(2)	सदन में चर्चा में अवगत कराया गया कि पूर्व में नगर निगम द्वारा आबंटित दुकानों को धर्मपुर क्षेत्र में फ्री–होल्ड किया गया था किन्तु धर्मपुर में अग्रवाल बेकर्स के सामने स्थित नगर निगम की कुछ दुकानें फ्री–होल्ड नहीं हो पायी हैं।	सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी तथा प्रकरण शासन को भेजने हेतु निर्देश दिये गये।
3(3)	अमृत मिशन के अन्तर्गत स्टार्म वाटर ड्रेनेज सम्बन्धित घटक में देहरादून अनुराग नर्सरी कांवली रोड़ ड्रेनेज पाईप लाईन का कार्य वर्ष 2015–16 में स्वीकृत योजना के कार्य स्थल पर विवाद होने के कारण उक्त योजना निरस्त किये जाने तथा पानी के बहाव को प्राकृतिक बहाव के अनुरूप निर्माण की अनुमति पर विचार।	अमृत मिशन के अन्तर्गत जल निगम द्वारा प्रस्तावित स्टार्म वाटर ड्रेनेज सम्बन्धित घटक में देहरादून अनुराग नर्सरी कांवली रोड़ ड्रेनेज पाईप लाईन का कार्य रू0 48 लाख की स्वीकृत हुई जिसमें जल निगम द्वारा प्राकृतिक बहाव के अनुरूप नाले का निर्माण प्रस्तावित नही किया गया था जिस पर सम्बन्धित क्षेत्र के मा0 विधायक एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा प्राकृतिक बहाव के विपरीत नाला निर्माण किये जाने पर आपत्ति/विरोध किया गया तथा यह कहा गया कि प्राकृतिक बहाव के विपरीत नाला निर्माण किये जाने पर जल–भराव की स्थिति उत्पन्न होगी एवं यह सुझाव दिया गया कि प्राकृतिक बहाव के अनुसार नाला निर्माण किया जाए, जिसके क्रम में मा0 महापौर महोदय द्वारा पत्रांक 574/मे0का0/17 दिनांक 04.09.17 द्वारा यह स्पष्ट करते हुए कि योजना स्थल पर विवाद होने के कारण योजना को निरस्त करने की संस्तुति की गयी। उक्त के परिपेक्ष में निगम अधिवेशन में विचारोपरान्त पूर्व में स्वीकृतस्टॉम वाटर ड्रेनेज सम्बन्धित घटक में देहरादून अनुराग नर्सरी कांवली रोड़ ड्रेनेज पाईप लाईन के कार्य को निरस्त करने एवं उक्त स्थल पर पानी निकासी की व्यवस्था पूर्व में नाले के प्राकृतिक बहाव से अनुरूप नाला निर्माण करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया।
3(4)	मा0 महापौर महोदय द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा की गयी है कि नव सम्मिलित क्षेत्रों में आगामी 10 वर्षों तक भवन कर में छूट रहेगी, जिसका सदन सम्मान करता है तथा सरकार का धन्यवाद करता	सदन द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया तथा नगर निगम में नव सम्मिलित बाह्य क्षेत्रों में भवन एवं सम्पत्ति कर आगामी 10 वर्ष तक न लगाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी तथा प्रस्ताव शासन को भेजने हेतु निर्देश दिये

(66)

मा0 महापौर महोदय की अनुमति से सदन की कार्यवाही पूर्वान्ह 11.30 बजे प्रारम्भ की गयी। मा0 महापौर श्री विनोद चमोली द्वारा सदन में उपस्थित रायपुर विधान सभा क्षेत्र के मा0 विधायक श्री उमेश शर्मा (काऊ) एवं सभी मा0 पार्षदों का स्वागत किया गया। मा0 महापौर महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि पार्षदों एवं अधिकारियों की इच्छा थी कि नवनिर्मित सभागार में नगर निगम अधिवेशन आहूत किया जाये, सभी की भावनाओं के अनुरूप आज हम सभी इस नवनिर्वाचित सभाकक्ष में उपस्थित है। इस नये सभागार में नये माहौल के अन्तर्गत मैं समस्त मा0 विधायकगणों, पार्षदगणों एवं अधिकारियों का विगत 10 साल के कार्यकाल के दौरान जनहित एवं नगर हित के कार्यो में सहयोग करने एवं सम्मान देने के लिए आभार प्रकट करता हूँ। सम्भवतः यह नगर निगम बोर्ड की अन्तिम बैठक होगी, मैं सभी का पुनः हृदय की गहराईयों से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूँ। आप लोगों के सहयोग से ही हम शहर में विकास एवं जन सुविधा के कार्य एवं कई बड़ी योजनाएं सम्पादित करा पाये हैं।

तदोपरान्त मा0 महापौर महोदय द्वारा अधिवेशन की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु अनुमति प्रदान की गयी। नगर आयुक्त श्री विजय कुमार जोगदण्डे द्वारा मा0 महापौर महोदय, मा0 विधायक रायपुर श्री उमेश शर्मा काऊ एवं मा0 पार्षदगणों का सदन में स्वागत किया गया तथा निगम अधिवेशन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। एजेण्डा बिन्दु–1 पर गत अधिवेशन की कार्यवाही की पुष्टि हेतु सदन में पढ़ा गया। मा0 विधायक रायपुर श्री उमेश शर्मा ने कहा कि पूर्व कार्यवाही के अन्तर्गत डॉ0 विजेन्द्र पाल द्वारा उठाये गये बिन्दु के क्रम में भविष्य में यदि कोई अनियमितता आती है, तो पार्षद भागीदार नहीं होने चाहिए क्योंकि पार्षद आगे चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

मा0 महापौर द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि नगर निगम द्वारा मलिन बस्तियों में करारोपण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है तदोपरान्त सर्वसम्मति से सदन द्वारा विगत निगम अधिवेशन की कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

प्र0सं0–1	गत नगर निगम अधिवेशन की कार्यवाही की पुष्टि।	सदन द्वारा सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।
प्र0सं0–2	मा0 महापौर द्वारा निगम की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रदत्त स्वीकृतियों का अनुमोदन प्रदान करना।	सदन द्वारा सर्वसम्मति से मा0 महापौर महोदय द्वारा प्रदत्त समस्त स्वीकृतियों का अनुमोदन प्रदान किया गया।
प्र0सं0–3	नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–91 के अन्तर्गत प्राप्त पत्र/प्रस्तुत विषय जो मा0 महापौर महोदय की अनुमति से सदन में प्रस्तुत किये गये, पर सदन द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–	
3(1)	मा0 महापौर महोदय की अनुमति से महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल हास्पिटल एवं एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा अस्पताल निर्माण हेतु 2 बीघा भूमि आबंटित किये जाने के अनुरोध के क्रम में भूमि अनुभाग द्वारा प्रस्तुत आख्या जिसमें ग्राम इंदरपुर में अखिल गढ़वाल सभा को आबंटित भूमि के पश्चिम दिशा में खसरा नं0–38 मि0 में 1279.37 वर्गमी0 भूमि रिक्त पड़ी है जो राजस्व अभिलेखों में बंजर श्रेणी के रूप में अंकित है। उक्त भूमि को नगर निगम बोर्ड/शासन की अनुमति के उपरान्त महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल हास्पिटल एवं एजुकेशनल ट्रस्ट को अस्पताल के निर्माण हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है एवं भूमि का साईट	सदन द्वारा सर्वसम्मति से निःशुल्क 1279.37 वर्गमी0 भूमि दिये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी तथा प्रकरण शासन को स्वीकृति हेतु भेजने के निर्देश दिये गये।

(67)

